संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -196 शुक्रवार ,19 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

भारत लाया जाएगा आरोपी तहव्वुर राणा

यूएस कोर्ट ने भारत सरकार को दी मंजूरी

» साल 2008 में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने मुंबई के ताज होटल में हमला किया था। इसमें 166 लोगों की जान चली गई थी जिनमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे...

नई दिल्ली,18 मई,2023 (ए)। 2008 में मुंबई हमले के वांछित पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को अमेरिका की एक अदालत ने भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दे दी है। साल 2020 में ही 62 साल के राणा की गिरफ्तारी की मांग की मांग करते हुए केस दर्ज करवाया गया था। इसके बाद बाइडन प्रशासन ने भी राणा के प्रत्यर्पण का समर्थन किया था। जस्टिस जैक्लिन चूलजियान की अदालत नने 16 मई को आदेश

देते हे कहा कि राणा का प्रत्यर्पण किया जाना चाहिए। साल 2008 में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने मुंबई के ताज होटल में हमला किया था। इसमें 166 लोगों की जान चली गई थी जिनमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

इस हमले में राणा की भूमका के लिए उसे अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए का कहना है कि राजनयिक नियमों के तहत राणा को भारत लाया जाएगा। अमेरिका की कोर्ट में तर्क दिया गया कि राणा को पता था कि उसका दोस्त डेविड कोलमैन हेडली लश्कर का आतंकी है और इसके बावजूद राणाा ने उसकी मदद की और आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गया। वहीं राणा के वकील ने इसे गलत बताया था और गिरफ्तारी का विरोध किया था।

बताते चलें की 26/11 अटैक में जो 166 लोग मारे गए थे उनमें 6 अमेरिकी थे। हमले मुंबई में कई जगहों पर 60 घंटे तक जारी रहा। भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण की संधि है और इसी के तहत कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।

20 मई को होगी सिद्धारमैया की ताजपोशी

» ममता,नीतीश समेत इन दिग्गजों को भेजा गया निमंत्रण

बैंगलोर, ,18 मई,2023 (ए)। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ कांग्रेस ने जीत हासिल की। इस जीत के चार दिनों के मंथन के बाद कांग्रेस ने सीएम सिद्धारमैया को सीएम के रूप में चुन लिया है। वहीं, डीके शिवकुमार डिप्टी सीएम के रूप में शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए कई राज्यों के सीएम को निमंत्रण भेजा गया है।

20 मई को दोपहर 12.30 बजे बेंगलुरु को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए कर्नाटक कांग्रेस ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही कर्नाटक कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, एसपी प्रमुख अखिलेश यादव, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक को भी आमंत्रित किया गया है।

दिल्ली के मुख्य सचिव होंगे आशीष मोरे:सीएम केजरीवाल

नई दिल्ली,18 मई,2023 (ए)। दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार के साथ अक्सर तल्खी भरे रिश्ते रहे हैं।

सरकार कई मौकों पर मुख्य सचिव पर लोगों के काम रोकने का आरोप भी लगा चुकी है। इससे पहले राज्य सरकार ने आशीष मोरे को सेवा सचिव के पद से भी हटा दिया है और अधिकारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दिल्ली सरकार अब मुख्य सचिव को बदलने की तैयारी में है । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी पी के गुप्ता को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त करने के लिए केंद्र की मंजूरी मांगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्ता मौजूदा समय में दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

एक और केंद्रीय मंत्री का बदला विभाग

» एसपी सिंह बघेल को मिली स्वास्थ्य राज्य मंत्री की जिम्मेदारी

नई दिल्ली,18 मई,2023 (ए)। केंद्र की सरकार ने अपने मंत्रिमंडल में फिर से बदलाव किया है। सरकार ने केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री के स्थान पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री बना दिया है।

इससे पहले उनके सीनियर मंत्री किरेन रिजिजू का भी विभाग बदलने की खबर सुबह आई थी, उन्हें साइंस मिनिस्ट्री का प्रभार दिया गया है। उनकी जगह पर कानून मंत्री का अतिरिक्त प्रभार अर्जुन राम मेघवाल को मिला है। बता दें कि मोदी सरकार में यह फेरबदल उसके 9 साल पूरे होने से ठीक एक सप्ताह पहले हुआ है। 26 मई को ही मोदी सरकार के 9

साल पूरे हो रहे हैं।

जजों की नियुक्ति को लेकर कॉलेजियम व्यवस्था पर सरकार और अदालत के बीच टकराव देखने को मिला था। इस मामले में अपने बयानों के चलते कानून मंत्री किरेन रिजिजू चर्चित थे। यही नहीं उनके बयानों के चलते कई बार ऐसा माहौल भी बना कि जैसे सरकार और न्यायपालिका के बीच कॉलेजिमय सिस्टम को लेकर खींचतान है।

बता दें कि एसपी सिंह बघेल कभी मुलायम सिंह यादव के करीबी हुआ करते थे और फिर भाजपा में आ गए थे। इतना ही नहीं मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी एसपी सिंह बघेल उतरे थे और उनकी बहू डिंपल यादव को चुनौती दी थी। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। एसपी सिंह बघेल अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते रहे हैं।

जूते-चप्पल लेकर पुलिस कर्मियों पर टूट पड़े क्रिकेटर

» घटना का वीडियो आया सामने

मेरठ ,18 मई,2023 (ए)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में दो रणजी क्रिकेट खिलाड़ियों को कथित तौर पर पीटने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाने के कुछ दिनों बाद इस घटना ने एक नया मोड़ ले लिया है। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें क्रिकेटर पुलिसकर्मियों को चप्पलों से पीटते नजर आ रहे हैं।

सिविल लाइंस क्षेत्र के अंचल अधिकारी अरविंद चौरसिया ने बताया कि नए वीडियो के आधार पर एक नई रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है। उन्होंने कहा, अधिकारियों को नए सबूतों की जांच करने और निर्णय

लेने दें। शामली जिले के क्रिकेटर प्रशांत चौधरी और उनके साथी क्रिकेटर विनीत पंवार रणजी खिलाड़ी बताए जाते हैं और भामाशाह पार्क में अभ्यास करते हैं। वे पार्क के पास रहते भी हैं।

पुलिस वाहन को गलत तरीके से पार्क करने को लेकर दोनों खिलाड़ियों की रविवार शाम सीनियर सब इंस्पेक्टर (एसआई) वरुण शर्मा और एसआई जितेंद्र से कहासुनी हो गई थी। कहासुनी मारपीट में बदल गई और बाद में खिलाड़ियों की शिकायत पर दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। नए वीडियो में दिख रहा है कि खिलाड़ियों ने भी पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की और सर्किल ऑफिसर ने मामले में एक अतिरिक्त रिपोर्ट सौंपी।

मध्यान्ह भोजन खाने से 35 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

खिचड़ी में मिली मरी हुई छिपकली

सारण ,18 मई,2023 (ए)। बिहार के छपरा जिले में मिड डे मील खाने की वजह से कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई है। एक के बाद एक 35 बच्चों की तबीयत बिगड़ने के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना डोरीगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की है। दरअसल, जिस खिचड़ी का बच्चों ने सेवन किया उसमें मरी हुई छिपकली मिली है।सदर एसडीओ संजय कुमार ने सदर अस्पताल में बीमार बच्चों का जायजा लिया और बताया कि बच्चों की हालत फिलहाल स्थिर है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों का इलाज सही तरीके से किया जा रहा है और डॉक्टरों की टीम मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम इस पूरे मामले की जांच करेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है। मिड डे मील के में लापरवाही के इस मामले की जांच कराई जाएगी।इस बीच विद्यालय के छात्र आकाश कुमार ने बताया कि रोज की तरह आज सुबह बच्चे एमडीएम का भोजन लेकर खा रहे थे तभी आकाश के ही थाली में मरी हुई छिपकली निकली। आकाश ने इस बात की सूचना शिक्षकों को दी जिसके बाद अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में मिड डे मील के वितरण को रोका गया। थोड़ी देर बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते 50 बच्चे उल्टी करने लगे और बीमार हो गए। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी ने बताया कि एनजीओ के द्वारा भोजन का वितरण किया जाता है। पिछले कुछ दिनों से भोजन में काफी गड़बड़ियां पाई जा रही है।

लालकुआं रेलवे भूमि अतिक्रमण मामला

» हाई कोर्ट के फैसले के बाद 400 मीटर के दायरे से हटाये 200 पक्के मकान

लालकुआं ,18 मई,2023 (ए)। लालकुआं रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में कल हाइकोर्ट के फैसले के बाद आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां आज रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन ने बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।



लोगों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध भी किया, मगर पुलिस बल के सामने किसी की भी नहीं चली। दरअसल, अतिक्रमण हटाने के दौरान लोगों ने काफी विरोध किया जहां कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए थाने भेजा है। अतिक्रमण के दायरे में एक मजार भी आई। जिसे जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। फिलहाल पूरे मामले में रेलवे प्रशासन कुछ भी कहने से बच रहा है। उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कानून व्यवस्था के व्यक्तिगत रेलवे का सहयोग करते हुए अतिक्रमण हटाने का काम होता है। यहां करीब 400 मीटर के दायरे में अतिक्रमण हटाया जाना है।

आपको बता दें कि, लालकुआं रेलवे स्टेशन कुमाऊं का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है। यहां से कई राज्यों के लिए ट्रेनें संचालित की जाती हैं। अमृत भारत स्कीम के तहत वंदे भारत ट्रेन चलाने की रेलवे प्रशासन की योजना है। जिसके तहत स्टेशन का विस्तारीकरण के साथ-साथ फिटलाइन का भी निर्माण होना है। जिसके लिए रेलवे को अपनी भूमि की आवश्यकता है। पिछले कई सालों से अतिक्रमणकारी बैठे हुए थे। रेलवे ने कई बार नोटिस जारी किया। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन ने बलपूर्वक आज अतिक्रमण हटाया।

गौरतलब है कि, उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगीना लालकुआं में रेलवे की भूमि पर करीब चार हजार लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किए जाने के मामले पर कल सुनवाई की थी। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने कब्जाधारियों की याचिका को निरस्त करते हुए अवैध कब्जा हटाने के आदेश रेलवे को दिये।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

श्रीनगर ,18 मई,2023 (ए)। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि सेना और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने क्षेत्र की तलाशी के दौरान जिले की मेंढर तहसील के कसबलारी गांव में एक ठिकाने का पता लगाया। तलाशी दल को ठिकाने से एक आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्री मिली। अधिकारियों ने कहा, ठिकाने के अंदर मिले एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और अन्य विस्फोटक सामग्री को बम निरोधक दस्ते ने गांव के सरपंच की मौजूदगी में सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

जहरीली शराब त्रासदी : डीएमके सरकार के खिलाफ अभियान शुरू करेगी अन्नाद्रमुक

चेन्नई ,18 मई,2023 (ए)। तमिलनाडु में 22 लोगों की जान लेने वाली जहरीली शराब की त्रासदी राज्य में चर्चा का एक प्रमुख बिंदु बन गई है और पुलिस और राज्य सरकार की मद्यनिषेध और प्रवर्तन शाखा (पीईडब्ल्यू)नकली शराब के प्रवाह और उसके बाद होने वाली मौतों को रोकने में अपनी विफलता के लिए निशाने पर आ गई है। जहरीली शराब पीने से 22 लोगों की मौत हो गई और 55 लोगों को तमिलनाडु के विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। एआईएडीएमके के महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री, एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने पार्टी की सभी जिला समितियों को निर्देश दिया है कि वे तालुक स्तर पर कॉर्नर कार्यक्रम आयोजित करें और लोगों को तमिलनाडु में विफल कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराएं। विपक्ष भी तमिलनाडु के उत्पाद और मद्यनिषेध मंत्री सेंथिल बालाजी के खिलाफ अपने आंदोलन को तेज करने की योजना बना रहा है और जिम्मेदारी लेने वाले मंत्री के

इस्तीफे की मांग की है। 2021 में पार्टी के सत्ता में आने के बाद से ही डीएमके सरकार ने अपराध से संबंधित गतिविधियों में पार्टी के स्थानीय स्तर के पदाधिकारियों की संलिप्तता को लेकर आलोचना की है।

डीएमके तिंडीवनम नगरपालिका पार्षद राम्या के पति राजा को 5,000 लीटर अवैध अरक और 180 लीटर शुद्ध शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद गुंडा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। एआईएडीएमके ने बताया है कि जहरीली शराब कांड में गिरफ्तार किए गए सभी लोगों का संबंध किसी न किसी रूप में सत्तारूढ़ डीएमके से है। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में 2000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया है और एआईएडीएमके ने कहा कि पुलिस शराब तस्करों के साथ मिली हुई थी।

पार्टी नेता और सांसद सी.वी. शनमुघन, जो तमिलनाडु के पूर्व कानून मंत्री हैं, ने राज्य सरकार से उन कारखानों पर उचित छापे मारने का आह्वान किया है, जहां से मेथनॉल की खरीद की जाती है। एआईएडीएमके नेता ने यह भी कहा कि डीएमके के स्थानीय स्तर के नेता अवैध शराब की बिक्री का हिस्सा बनने के लिए अपनी पार्टी के संपर्कों का उपयोग करते हैं।

ममता सरकार को लगा बड़ा झटका

» सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में द केरला स्टोरी से हटाया बैन,

नई दिल्ली,18 मई,2023 (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'द केरला स्टोरी' से पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा लगाया गया बैन हटा दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत पश्चिम बंगाल सरकार के आठ मई के उस आदेश पर रोक लगा रही है, जिसमें फिल्म 'द केरला स्टोरी' को बैन किया गया था।

कोर्ट ने तमिलनाडु को भी 'द केरला स्टोरी' की सुरक्षित स्क्रीनिंग के लिए सिनेमा हॉल को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि राज्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फिल्म की स्क्रीनिंग को नहीं रोकेगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी से कहा राज्य सरकार ने 13 लोगों के विचार के आधार पर फिल्म पर बैन लगा दिया। आपको कहीं भी 13 लोग मिल जाएंगे जो कहेंगे कि फिल्म पर प्रतिबंध लगा दें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि फिल्म

देश में हर जगह रिलीज हो चुकी है। सिंघवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी बहुत अलग है और इस पर भी विचार करना होगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, आप जनसांख्यिकीय हर जगह समान होने की उम्मीद नहीं कर सकते.. सत्ता का आनुपातिक तरीके से प्रयोग किया जाना है..

मुख्य न्यायाधीश ने सिंघवी से कहा कि आप मौलिक अधिकारों को भावनाओं के सार्वजनिक प्रदर्शन पर निर्भर नहीं बना सकते और अगर आपको यह पसंद नहीं है, तो फिल्म न देखें।

चीफ जस्टिस ने पश्चिम बंगाल सरकार के वकील से कहा कि अगर कोई घटना होती है तो राज्य सरकार किसी विशेष जिले में फिल्म के प्रदर्शन को रोक सकती है, लेकिन इसे पूरे राज्य में बैन नहीं किया जा सकता।

पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि फिल्म 'द केरला स्टोरी' मनगढ़ंत तथ्यों पर आधारित है और इसमें कई दृश्यों में हेट स्पीच है, जो समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा कर सकती है। राज्य सरकार ने एक जवाबी हलफनामे में कहा कि अगर फिल्म को प्रदर्शित करने की अनुमति दी जाती है तो इससे शांति भंग हो सकती है।

हलफनामे में कहा गया, फिल्म गलत तथ्यों पर आधारित है और इसमें कई दृश्यों में हेट स्पीच है जो सांप्रदायिक भावनाओं को आहत कर सकती है और समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा कर सकती है जो अंततः कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा करेगी। यह बात राज्य सरकार द्वारा प्राप्त विभिन्न खुफिया सूचनाओं से पता चली है। राज्य सरकार ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पश्चिम बंगाल सिनेमा (विनियमन) अधिनियम की धारा 6 (1) का प्रयोग कर फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने हटा दिया।

संपादकीय

राज्यसभा की तीनों सीट बचा लेगी कांग्रेस

कर्नाटक में कांग्रेस की भारी भरकम जीत का एक फायदा यह होगा कि कांग्रेस अगले साल राज्यसभा की अपनी तीनों सीटें बचा लेगी। छह साल पहले 2018 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने तीन और भाजपा ने एक सीट जीती थी। अगले साल ये चारों सीटें खाली हो रही हैं और पहले की ही तरह इस बार भी कांग्रेस तीन और भाजपा एक सीट जीतेगी। समीकरण उसके अगले दोवार्षिक चुनाव में यानी 2026 में बदलेगा, जब कांग्रेस को दो सीटों का फायदा होगा। अभी कांग्रेस को इतना फायदा होगा कि उसकी सीटें बच जाएंगी।

ध्यान रहे 2024 के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन सांसद- सैयद नासिर हुसैन, जीसी चंद्रशेखर और एल हनुमंतैया चुनाव जीते थे। इनमें से कम से कम नासिर हुसैन के फिर से रिपीट होने की संभावना है क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनको अपनी टीम में रखा है। वे खड़गे के चार समन्वयकों में से एक हैं। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुत मेहनत भी की, जिसका पारिश्रमिक उनको मिलेगा। लेकिन बाकी दो नेताओं के बारे में नहीं कहा जा सकता है कि पार्टी उनको रिपीट करेगी। उनकी जगह नए चेहरे आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि एक नेता दिल्ली से भी भेजा जा सकता है। अगर ऐसा होता है कि प्रदेश कांग्रेस के पास लिंगायत, वोक्कालिगा और ओबीसी का समीकरण साधने के लिए सिर्फ एक सीट बचेगी।

पहलवानों का धरना : यह दंगल अभी चलेगा

जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना धीरे-धीरे उस अवस्था में पहुंच गया जहां से इसका अंत होना इस समय कठिन लग रहा है।

किसान संगठन और खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपना जो तेवर दिखाया है उससे साफ है कि धरने को लंबा खींचने की रणनीति बना दी गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की आगे सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि महिला पहलवानों को कोई शिकायत है तो संबंधित मजिस्ट्रेट के न्यायालय या उच्च न्यायालय में जाएं।

कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ब्रिज भूषण शरण सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है, नाबालिग शिकायतकर्ता को भी पर्याप्त सुरक्षा मिल गई है। अन्य शिकायतकर्ताओं को खतरे का भी आकलन किया गया। कोई खतरा नहीं होने के बावजूद उन्हें भी सुरक्षा दी गई। सभी शिकायतकर्ता महिला पहलवानों को एक-एक पुलिसकर्मी की सुरक्षा दी गई है। नाबालिग शिकायतकर्ता को सिक्योरिटी यूनिट से सुरक्षा कराई गई है। इस सिक्योरिटी यूनिट के पुलिसकर्मियों को एक निजी वाहन दिया गया है जो उसके साथ अपने वाहन से चलते हैं। सीआरपीसी यानी अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत बयान भी दर्ज किए गए हैं और आगे किए जा रहे हैं। बावजूद यदि पहलवान पुलिस जांच रिपोर्ट आने तक धरना खत्म करने और जांच प्रक्रिया पर नजर रखते हुए न्यायालय के फैसले की प्रतीक्षा करने को तैयार नहीं तो सोचना पड़ेगा कि ऐसा क्यों हो रहा है? मांग कर रहे हैं कि जब तक भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी नहीं होगी धरना जारी रहेगा।

वास्तव में पूर्व धरना के बाद समिति गठित होने और सरकार से बातचीत होने पर धरना समाप्त किया गया था। उसके बाद ऐसा लगा था कि दोबारा धरना नहीं होगा। बृजभूषण शरण सिंह कह रहे हैं कि वह फांसी पर चढ़ने का तो तैयार हैं, लेकिन अपराधी बनकर त्यागपत्र नहीं देंगे। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ने नाबालिग-बालिग लड़कियों का यौन शोषण किया है तो इस देश में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जो उनका समर्थन करेगा। उन्हें इसकी सजा मिलनी ही चाहिए। किंतु आरोप लगाने से किसी को अपराधी नहीं मान सकते। न्यायालय को भी प्रमाण चाहिए। जहां तक गिरफ्तारी की बात है तो सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि 7 वर्ष तक की सजा वाले अपराध में पुलिस चाहे तो गिरफ्तार करे या गिरफ्तार न करे। दिल्ली पुलिस ने बालिग और नाबालिग सात पहलवानों की शिकायत के आधार पर दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर आईपीसी यानी भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354 ए, 354 डी लगाई गई है। ये धाराएं शारीरिक छेड़छाड़, अश्लील इशारे करने, स्टॉकिंग और कॉमन इंटेंशन से संबंधित हैं। दूसरी, पोक्सो कानून के अंतर्गत का मामला है। इन शिकायतों के आधार पर किसी को अनिवार्य रूप से गिरफ्तार करने का प्रावधान नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी नहीं कहा कि इन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वैसे भी छेड़खानी और यौन शोषण के आरोपों में 2012 से लेकर 2022 तक की बातें हैं।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर देश के अलग-अलग राज्यों के साथ विदेशों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान छेड़खानी और यौन शोषण का आरोप है। जांच में एक एसीपी सहित सात महिला पुलिस अधिकारियों को लगाया गया है। उसकी जांच में तो समय लगेगा। वैसे भी गिरफ्तारी करने के पीछे मुख्य उद्देश्य होता है कि आरोपी भाग न जाए या सबूतों को नष्ट नहीं करे।

शिकायतकर्ता इतने कमजोर नहीं हैं कि बृजभूषण धमकी देकर उनके बयान बदलवा लें। उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करा दी गई है। बृज भूषण सिंह सांसद हैं इसलिए उनके भागने का भी कोई प्रश्न नहीं है। कायदे से प्राथमिकी दर्ज हो गई हो तो पुलिस को जांच करने देना चाहिए। यह मामला ऐसा नहीं है जिस पर तुरंत जांच कर पुलिस निष्कर्ष निकाल ले। पुलिस जांच में कोताही करेगी तो फिर सर्वोच्च न्यायालय जाने का दरवाजा खुला हुआ है। यह संभव नहीं कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध हो और न्यायालय याचिका का निपटारा कर दे। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का बयान है कि पहलवानों से बात कर समिति का गठन किया गया। यह सच है कि समिति के सामने सभी को पेश होने का अवसर दिया गया। समिति में महिलाओं की संख्या ज्यादा रखी गई। इनकी मांगों के अनुरूप भारतीय कुश्ती संघ में निष्पक्ष चुनाव के लिए भारतीय ओलंपिक संघ आईओए को अधिकार दिया गया, जिसने अपनी समिति भी गठित कर दी। यही समिति वहां पर चयन प्रक्रिया, टूर्नामेंट आयोजन और आंतरिक शिकायत समिति का गठन करेगी।

पहलवान कह रहे हैं कि उन्हें किसी समिति के सदस्य पर विश्वास नहीं है, बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी होनी चाहिए। किसी की गिरफ्तारी कानून की धाराओं के तहत ही हो सकती है। आज का परिदृश्य देखते हुए यह बेहिचक कहा जा सकता है कि अब धरना पहलवानों के नियंत्रण से बाहर जा चुका है। देश का वह समूह जो किसी-न-किसी बहाने नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा, संघ आदि को बदनाम करने, कमजोर करने या जनता को उनके विरुद्ध उद्वेलित करने के लिए प्रयासरत हैं वो सारे इसका उपयोग कर रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे इसको शाहीन बाग या कृषि कानून विरोधी आंदोलन का प्रतिरूप बनाने की रणनीति पर काम किया जा चुका है। कल तक बड़े संस्थानों में काम करने वाले पत्रकारों का समूह अपने यूट्यूब चैनल का माइक और कैमरा लेकर जंतर-मंतर पर पहले से जम गए थे। अब तो किसान संगठनों और खाप पंचायतों के लोग आकर ऐलान ही कर चुके हैं कि उनका धरना खत्म करने का कोई इरादा नहीं।

खाप पंचायतों की प्राचीन परंपरा है। कोई सरकार उनको नाराज करने का जोखिम नहीं उठा सकती। निश्चित रूप से यह सब एक विशेष रणनीति के तहत हुआ है। रणनीति यही है कि धरने को लंबा खींच मोदी सरकार के विरुद्ध माहौल बनाया जाए। यह स्पष्ट हो चुका है कि धरने पर बैठे पहलवानों के लिए बगल में एक पंचतारा होटल में कमरा बुक कराया गया है जहां वे आराम करते हैं। कमरे की बुकिंग कराने वाली कंपनी का नाम है, स्काई होलीडे। तर्क यह है कि महिला पहलवानों के लिए धरना स्थल पर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है इस कारण कमरे लिए गए। पहली नजर में यह बात सही लग सकती है। वैसे भी यह उनका अधिकार है जैसे चाहें रहें। किंतु जब आप आंदोलन करने आते हैं तो लोग जानना चाहेंगे कि उनका खर्च कौन उठा रहा है।

अवधेश कुमार

सौभाग्य और संतान प्राप्ति का व्रत 'वट सावित्री'

पर्व की दृष्टि से भारत का ,पूरे विश्व मे एक अलग पहचान है।हमारे भारत मे पूरे साल भर नाना प्रकार के व्रत,उत्सव जयंतियाँ मनायी जाती है।जिसका अपना अलग-अलग महत्व
और उपयोगिता है।इन पर्वों का धार्मिक दृष्टि से महत्व तो है ही,इनका सामाजिक और साँस्कृतिक महत्व भी कम नही है।

यह पर्व कहीं न कहीं हमारे जीवन की आस्था,विश्वास,सुख,शांति,उन्नति
और मनोकामना
को प्रगाढ़ करती है।और इसी कारण हमारे देश मे प्रति वर्ष पूरे बारह मास में कोई न कोई पर्व,व्रत और जयंती अवश्य मनायी जाती हैं।और हम अपनी धार्मिक भावना को सुदृढ कर पाते हैं।

इस कड़ी में ग्रीष्म ऋतु के जेष्ठ मास की कृष्ण अमावश्या को वट सावित्री का पर्व मनाया जाता है।जिसको सौभाग्य और संतान प्राप्ति में सहायता प्रदान करने वाला माना जाता है।

भारतीय सँस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का पर्याय बन चुका है।

इस व्रत को मनाने के पीछे सौभाग्य की वृद्धि,पतिव्रता सँस्कार को पुष्ट करना,और उसको आत्मसात करना है।वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री दोनों की साथ-साथ पूजा की जाती है।और दोनों का अपना विशिष्ट महत्व भी है।हिन्दू सँस्कृति में जिस प्रकार पीपल का विशेष महत्व होता है ठीक उसी प्रकार बरगद वृक्ष का भी विशेष महत्व है।इस सम्बंध में पराशर मुनि ने यह कहा है कि-

वट मुले तपोवासा।अर्थात वट वृक्ष जप,तप, ध्यान,आराधना का पवित्र स्थल है।

पुराणों में यह उल्लेख है कि वट वृक्ष में त्रिदेव ब्रम्हा,विष्णु,महेश का वास है।वट वृक्ष अपनी अक्षयता और विशालता के लिए भी प्रसिद्ध है।इसके नीचे बैठकर पूजा करने,कथा सुनने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।और अंततः सारी मनोकामनाएँ पूर्ण भी हो जाती है।इसके पीछे एक मनोवैज्ञानिक कारण यह भी माना जाता है।कि कालांतर में ग्रीष्म की भीषण गर्मी में जप तप ध्यान के लिए वट वृक्ष की शीतल छाया को ही उचित समझा गया।और हमारे ऋषि मुनि वहीं पर ध्यान करने लगे।और फिर यह एक परम्परा बन गई।जिसको आज भी निर्वहन करते आ रहे हैं।दार्शनिक दृष्टि से भी यह वट वृक्ष दीर्घायु,और अमरत्व बोध का प्रतीक माना जाता है।इसके अलावा वट वृक्ष को ज्ञान और निर्वाण का भी प्रतीक माना गया है।इसी वट वृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी कारण सौभाग्यवती स्त्रियाँ वट वृक्ष की पूजा,अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए करती हैं।और फिर वट के तने में सफेद सुत परिक्रमा करते हुए लपेटती हैं।ताकि उनको अखंड और अक्षय सौभाग्य का फल मिले।

इस व्रत को करने के लिए पूजा स्थल को साफ सुथरा करके रंगोली बनायी जाती है।फिर एक चौकी में लाल कपड़े बिछाकर भगवान लक्ष्मीनारायण और शिव पार्वती की मूर्तियों को स्थपित की जाती है।पास में तुलसी के पौधे भी रखे जाते हैं।और फिर सबसे पहले भगवान श्री गणेश और माता गौरी की पूजा की जाती है। ततपश्चात अक्षयता,विशालता,का प्रतीक बरगद की पूजा की जाती है।उक्त पूजा सम्पन्न होने के बाद सावित्री और सत्यवान की कथा शुरू की जाती है।कथा का प्रसंग अद्भुत और रोचक है जिसमें पुराणों के अनुसार यह उल्लेख है कि सावित्री का पति अल्पायु था।ऐसे समय मे देवर्षि नारद आकर यह बताते हैं कि तुम्हरा पति अल्पायु है।अतः तुम दूसरा वर मांग लो।तब सावित्री कहती है-मैं हिन्दू नारी हूँ।और हिन्दू नारी,पति का चुनाव एक बार ही करती हैं। इधर उसके पति के सर में पीड़ा शुरू हो जाती है।तब सावित्री ने वट के नीचे बैठकर उसे अपने गोदी में लिटा लेती है।इसी समय यमराज अपने गणों के साथ आए और उसके पति सत्यवान को दक्षिण दिशा की ओर ले जाने लगे।इसे देख सावित्री भी पीछे-पीछे जाने लगी।इसको देख यमराज ने कहा-हे पतिव्रता नारी कोई भी स्त्री अपने पति का साथ पृथ्वी तक ही दे पाती है।अब तुम वापस लौट जाओ। तव सावित्री ने कहा-जहाँ मेरे पति रहेंगे उनके साथ मैं भी रहूँगी।यही मेरा पतिव्रता धर्म है।सावित्री के ऐसे धर्म निष्ठ बातों को सुनकर यमराज प्रसन्न हो जाते हैं।और कहते है-तुम मुझसे तीन वर मांग सकते हो।

तब सावित्री ने अपने सास और ससुर के नेत्र की ज्योति माँगी।उसका खोया हुआ राज्य मांगा।और अपने पति सत्यवान से सौ पुत्रों की माँ बनने का वरदान मांगा।यमराज आशीर्वाद देकर तथास्तु कह दिया।सावित्री वट के नीचे अपने पति के पास आती है।उसके मृत पति में जीवन शक्ति का संचार होने लगता है।इस प्रकार से सावित्री अपने पतिव्रता धर्म को पालन करके अपने पति की जान यमराज से वापस तो लायी ही।साथ ही साथ सौ पुत्रों का वरदान,अपने सास-ससुर के नेत्र की ज्योति और खोया हुआ साम्राज्य भी वापस ले आती है।इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि वट सावित्री के व्रत से सौभाग्यवती स्त्रियों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती है।और उनका सौभाग्य अखंड हो जता है।

अतः प्रत्येक स्त्री को एक निष्ठ होकर पतिव्रता धर्म का पालन करते रहना चाहिए।जिसके बल से वह अपने पति के सारे दुख-दर्द को सावित्री की भाँति दूर कर सके।

अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़,

जीवन में प्रयोग और परिवर्तन प्रगति के दो पहिए

श्रम और नवीनता से जीवन सार्थक बनाइए

परिवर्तन का क्रिया चक्र खुद इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा-सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। चलायमान परिवर्तन की विदाई स्थिर और जंगम का का समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए-नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए-नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुतः ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस आय हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस स्वराज की कल्पना की,वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने यस वी कैन में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब-तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है।

संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

अभी हारा नहीं हूं

अभी हारा नहीं हूं , गर्चे शिकस्ता ही सही।
गर्दिश-ए-वक्त का मारा हूं ,गुज़िश्ता ही सही।
शिकस्ता पा ही सही ,चल रही माना ये हयात,
मंजिल मिल जाएगी,अभी ये रास्ता ही सही।
ख़्वाहिशें हैं कई ,आंखों में कई ख़्वाब भी हैं,
पूरे हो जाएंगे सभी ये ,आहिस्ता ही सही।
मौसम-ए-गुल में भी ,खिलते नहीं सभी गुल हैं
है नहीं रुत सभी ,मधुमास गुलिस्ता ही सही।
कश्ती ने साथ छोड़ा,यूं तूफ़ान की ज़द मे,
हौसला साथ है , गमों से वास्ता ही सही ।
दौर-ए-ग़म बीत ही जाएगा,के बाकी है उम्मीद,
नूर बरसेगा तेरे घर पे आस्तां ही सही।

पुष्पा स्वाती
मुम्बई

तुम्हीं तुम

तुम्हीं तुम बसे मेरे मन में हो
तुम ही प्रतिपल जीवन में हो
मैंने ढूंढा जिसे सदियों यहाँ
वो तुम्हीं मेरे हर क्षण में हो
बढ़ती तुम्हारी हूँ राह चुन
मेरी सब डगर के पगन में हो
सप्तपदी की जो स्मारिका
तुम जन्मों के सुमिरन में हो
तुम्हीं साँसों में समाए हो
मेरी धड़कती धड़कन में हो
गा लूँ मनभावन गीत मैं
मेरी हर बात हर कथन में हो

प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

सुख का सूरज

कुछ खर्च किये के
कुछ सहेज लिये हम ने।
तेरी चाहत में जो भी पल
सौंपे थे मौसम ने।
मेरी ये फितरत ही ऐसी है
दोस्तों क्या करूँ,
ठुकराता नही हूँ, जो
दर्द दिये शबे गम ने।
आज नही तो कल
सुख का सूरज चमकेगा,
जिंदा रखा बरसों हमें,
इस झूठे भरम ने।
मैं भी छोड चुका होता
गाँव, मगर गया नही,
मेरे कदमों को बाँध रखा है
माँ की कसम ने।
हर लम्हाँ उस गज़ल को गुनगुनाते है,
के जिस गज़ल को
लबों से छू लिया सनम ने।

ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

दिल की बात

कभी कभी खुद ही को
सभी से जुदा पाता हूँ मैं
दुनिया की इस दौड़ में
दर्शक सा रह जाता हूँ मैं
सभी को वक़्त के साथ
बदलते देखा अक्सर मैंने
फिर अपने जज़्बात लिए
तन्हा सा हो जाता हूँ मैं
ख़ुद ही से क्यूँ हैं सब जुदा
गीत खुद ही के गाता हूँ मैं
किसने क्या कहा और सुना बस...
दिल की बात सुन पाता हूँ मैं

आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

वो नन्हीं चुलबुली मासूमियत सी भरी बेटी श्रेया

वो रेलगाड़ी का सफ़र आज भी याद है , जिसमें वो नन्हीं परी से मुलाकात हुई मेरी जो अपनी मां के साथ उसी बोगी में सफर कर रही थी जिसमें में । उस नन्ही परी के हर एक शब्द जैसे मेरे कानों में अमृत सा घोल रहे थे । उसकी चुलबुली सी बातें , मेरे मन को ओत-प्रोत कर रही थी , आखिर खुद को बहुत रोकना चाहा कि मैं कैसे बात करूं उस बच्ची से , आखिर जब खुद को रोक ना पाई तो मैंने उस बच्ची से बात करना शुरू कर दी उस बच्ची संग शरारतें करना इतना अच्छा लग रहा था , मैं खुद जैसे उस बच्ची संग बच्ची ही बन गई थी , बातों , बातों मे मैंने उस बच्चे का उस से नाम पूछा बच्चे ने अपनी तो खिलाती भाषा में अपना नाम बताया और उसका नाम था श्रेया , मेरी अपनी कोई बेटी नहीं तो उस बच्ची के प्रति इतनी आकर्षक हो रही थी कि जैसे लग रहा था उस समय एक ही सही परंतु बेटी का सुख कितना आनंदमयी होता है । वो उस समय कि मेरी अनुभूति से अधिक कोई भी अनुभव नहीं कर सकता था । सच नसीबों वाले होते हैं जिस घर आंगन मे बेटियों कि खिलखिलाहट , पैजनियां की खनक , तुतलाती बोली , मां से अधिक पिता को लाड जताती , मॉं जैसा हुकुम चला अपने पिता की मॉं की तरह ख्याल भी रख जाती हैं बेटियां , हॉं बड़ी होते , होते मॉं की सखियां बन जाती हर एक बात साझा कर अपने भीतर कि अभिव्यक्ति को इस तरह से प्रस्तुत करती की , दिल को मोह लेती । सच बेटी कितनी हसीन सुंदर दिलकश शब्द , और उससे भी परसकून देने वाला है साक्षात घर मे एक बेटी का होना । कितने नसीब वाले होते हैं, जिनकी बेटियां होती हैं । यही बेटियां जब घर का आंगन छोड़ दूजे घर जाती हैं तो मां बाप का आंगन जैसे सुना सा हो जाता है । यही बेटियां जब मां बन नवजीवन को धरा पर लाती खुद मां बन हर एक अनुभूति को महसूस कर खुशियों से सहेज़ती , और उसी बेटी की खुशी देख मां बाप खुश होते ।

वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर , महाराष्ट्र

मधुबाला की मधुबाला

निर्देशक रामगोपाल वर्मा का हिंदी सिनेमा में सितारा चमक रहा था, तब 2003 में उन्होंने अंतरा माली नाम की युवा ऐक्ट्रेस को लेकर मैं माधुरी दीक्षित बनना चाहती हूं नाम की फिल्म बनाई थी। उस समय माधुरी दीक्षित इतनी बड़ी स्टार थीं कि भारत के गांवों की तमाम लड़कियां उनकी दीवानी थीं और उनकी देखादेखी स्टार बनने का सपना लेकर मुंबई आती थीं। वर्मा ने स्टारडम को अंजलि देने के लिए माधुरी के नाम पर फिल्म बनाई थी।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ था। हिंदी सिनेमा में समय-समय पर बड़ी ऐक्ट्रेस के नाम पर फिल्में बनाने के अनेक उदाहरण हैं। जैसे कि 1977 में प्रमोद चक्रवर्ती ने फिल्मी मैगजीनों में ड्रीमगर्ल के रूप में ख्यातिप्राप्त सुपरस्टार हेमा मालिनी लेकर इसी टाइटिल से फिल्म बनाई थी।

अपने ही नाम पर फिल्म बनी हो, इसकी शुरुआत नरगिस से हुई थी। 1946 में डीडी कश्यप नाम के निर्देशक ने उस समय एक बड़ी स्टार के रूप में स्थापित हो चुकी नरगिस के नाम का उपयोग कर के नरगिस नाम की फिल्म बनाई थी। डेविड अब्राहम और रहमान के साथ बनी यह फिल्म कहानी की दृष्टि से तो याद रखने जैसी नहीं थी, पर नरगिस का सिक्का बाक्सआफिस पर किस तरह खनकता था, यह इसने साबित कर दिया था।

चार साल बाद ऐसी ही एक दूसरी फिल्म आई। इस बार उस समय नरगिस की ही समकालीन और प्रतियोगी मधुबाला का नंबर था। रणजीत मूवीटोन फिल्म स्टूडियो के बैनर के अंतर्गत प्रह्लाद दत्त नाम के निर्देशक ने उस समय की स्टार मधुबाला के नाम को बाक्सआफिस पर भुनाने के लिए मधुबाला नाम की फिल्म बनाई थी। यह फिल्म एकदम बेकार थी। इसने मधुबाला के कैरियर को लाभ पहुंचाने के बजाय नुकसान पहुंचाया था। देव आनंद के साथ मधुबाला की यह दूसरी फिल्म थी। तीन महीले पहले ही दोनों की निराला नाम की फिल्म आई थी। इस के बाद दोनों ने अन्य छह फिल्मों में काम किया था।

मधुबाला को याद रखने की एक वजह यह है कि यह फिल्म उन्होंने रणजीत मूवीटोन के मालिक चंदूलाल शाह के भतीजे रतिभाई सेठ का एहसान उतारने के लिए की थी। यह एहसान की कहानी भी दिलचस्प है। मधुबाला अत्यंत गरीब परिवार से आई थी। मुमताज जहां बेगम देहलवी के रूप में पांचवें नंबर पर जन्मी (इसके बाद उसके छह भाई-बहन हुए थे) मधुबाला के पिता अताउल्लाह खान की नौकरी छूट गई थी, इसलिए उनका परिवार मुंबई आ गया था। यहां आठ साल की मुमताज ने बालकलाकार के रूप में फिल्मों में काम शुरू किया था। इसके बाद तो पूरी जिंदगी एकमात्र कमाऊ बेटे के रूप में अपने विशाल परिवार को संभालना था।

बॉम्बे टॉकीज के जनरल मैनेजर राय बहादुर चुन्नीलाल की दया से बेबी मधुबाला को 1942 में आई बसंत फिल्म में डेढ़ सौ रुपए वेतन पर काम मिला था। यह फिल्म सफल रही और बेबी मधुबाला सब की नजरों में आ गई। पर बाद में काम नहीं मिला तो यह परिवार दिल्ली वापस लौट गया। 1944 में बॉम्बे टॉकीज की मालकिन देविका रानी ने खान को कहलवा भेजा कि उन्हें दिलीप कुमार की फिल्म ज्वार भाटा में मधुबाला की जरूरत है। यह फिल्म भी हाथ से निकल गई। पर उस समय खान परिवार ने यह तय किया कि अब मुंबई में ही रह कर चप्पल घिसना है।

इसमें रणजीत मूवीटोन के चंदूलाल शाह ने तीन सौ रुपए महीने के वेतन पर नौकरी दे दी। चंदूलाल शाह मूलरूप से जामनगर के रहने वाले थे और मुंबई के सिडनहाम कालेज में पढ़ाई की थी। उनके एक भाई जेडी शाह धार्मिक फिल्में लिखते थे। चंदूलाल ढंग की नौकरी खोज रहे थे, तभी समय व्यतीत करने के लिए भाई की मदद करते थे। इसी से वह फिल्मों की ओर आकर्षित हुए और धीरे-धीरे इस तरह आगे बढ़े कि 1929 में खुद का रणजीत स्टूडियो खड़ा कर लिया। यह स्टूडियो साल में छह फिल्में बनाता था और इसमें तीन सौ लोग काम करते थे।

रणजीत मूवीटोन की सभी फिल्मों में मधुबाला ने बेबी मुमताज के नाम से काम किया था। इतनी कम उम्र में वह घर की कमाऊ बेटा थी। मधुबाला तेरह साल की थी, तब 1946 में उसकी मां आयशा बेगम गर्भवती थी। वह गंभीर रूप से बीमार हुई तो उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डाक्टर ने सर्जरी की सलाह दी, पर समस्या पैसों की थी। मधुबाला का वेतन तीन सौ रुपए था और सर्जरी का खर्च दो हजार रुपए था।

पिता और पुत्री रणजीत स्टूडियो के मालिक चंदूलाल के भतीजे रतिभाई सेठ के पास गए और मदद मांगी। उन्होंने ताबड़तोड़ दो हजार रुपए की व्यवस्था कर दी। मधुबाला ने इस बात को याद कर के सालों बाद कहा था, उन्होंने मुझे थैंकयू कहने का भी समय नहीं दिया था। पैसा देकर तुरंत अस्पताल जाने के लिए कहा था। मधुबाला का वह चढ़ता सितारा था और कुछ ही सालों में वह स्टार बन गई थी। उन सालों में उनकी तीन बड़ी फिल्में आई थीं। 1947 में राज कपूर के साथ नील कमल और दिल की रानी और 1949 में अशोक कुमार के साथ महल। उस समय उनकी फीस एक लाख रुपए थी। दूसरी ओर चंदूलाल शाह की रणजीत स्टूडियो के दिन खराब चलने लगे थे। तब उसे लाइन पर लाने के लिए रतिभाई सेठ ने मधुबाला से संपर्क करने का निश्चय किया कि शायद उनका नाम इस डूबते जहाज को बचा ले।

मधुबाला ने इस बात को याद कर के कहा था, उनका निवेदन आया तो मुझे कुछ बड़ी फिल्में छोड़नी पड़ीं और कुछ का तो पैसा वापस करना पड़ा था। मेरे तकलीफ के समय में उन्होंने मेरी मदद की थी, अब मेरी बारी थी। मैं ने उन्हें अपने नाम का भी उपयोग करने दिया।

रणजीत स्टूडियो ने मधुबाला के स्टारपावर का उपयोग कर के मधुबाला नाम से फिल्म बनाने का निश्चय किया। मधुबाला ने पूर्व के एहसान की वजह से यह फिल्म की थी। उस समय देव आनंद का सितारा चढ़ रहा था। उनकी लगातार दो फिल्में जिद्दीऔर विद्या हिट साबित हुई थीं। उन्हें जब मधुबाला के साथ रणजीत स्टूडियो की फिल्म करने का ऑफर मिला तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया।

दुर्भाग्य से मधुबाला थिएटरों में पिट गई। इससे मधुबाला और देव आनंद का तो खास नुकसान नहीं हुआ, पर चंदूलाल के स्टूडियो के पतन की गति बढ़ गई। कुछ समय बाद स्टूडियो खत्म हो गया। जुआ और रेसिंग की लत लगा चुके चंदूलाल बेस्ट की बसों में घूमते दिखाई देने लगे।

मधुबाला की समीक्षा में उस समय के तेजाबी पत्रकार बाबूराव पटेल ने अपने फिल्म इंडिया सामयिक में लिखा था, रणजीत ने अकेले जितने स्टार्स का कत्ल किया है, उतना छह स्टूडियो ने मिल कर नहीं किया। उस समय उसने भारत की वीनस (शुक्र) कही जाने वाली मधुबाला का कत्ल किया है। निर्देशक प्रह्लाद दत्त पर फिल्में बनाने के लिए प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

फिल्म एक ऐसी लड़की की थी, जिसे पिता की अपार संपत्ति और हृदय की बीमारी वारिस में मिली है। वह हवा बदलने के लिए गांव जाती है, जहां अशोक (देव) नाम के युवक से प्यार हो जाता है। दोनों शहर वापस आते हैं, तब कालीचरण (जीवन) मधु की दौलत के लिए खेल रचता है।

संयोग से मधुबाला को असल जीवन में भी जन्म से ही, जिसे हृदय में छेद कहते हैं, वह वेंट्रिक्युलर सेप्टल डिफेक्ट नाम की बीमारी थी और इसी में उनकी मौत हुई। आज का कोई फिल्म निर्माता 1950 की फिल्म मधुबाला में सुधार कर के रीमेक बनानी चाहिए।

वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा उत्तरप्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की

अच्छे इलाज का झांसा देकर मरीजों को ले जाया जा रहा निजी अस्पताल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एजेंट सक्रिय हैं। बेहतर इलाज करवाने का झांसा देकर गंभीर मरीज कों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। इतना ही नहीं मरीज के परिजनों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के बाद जब मरीज की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो उसे पुनः मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाने के लिए बोल दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। सरजपुर जिले के जोरबंजा निवासी विजेन्द्र विश्वकर्मा सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे सिर में गंभीर चोट लगी थी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया पर सिर में गंभीर चोट लगने के कारण न्यूरोलॉजिस्ट की जरूरत थी। पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण चिकित्सकों ने बेतहर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे रायपुर ले जाने की तैयारी में थे। इसी बीच इसके पीछे शहर के निजी अस्पताल के एक एजेंट पीछे लग गया और रायपुर से बेहतर अंबिकापुर में निजी अस्पताल में इलाज कराने का झांसा देकर अस्पताल ले कर चला गया। यहां भी चिकित्सकों ने रुपए के लालच में आकर गंभीर मरीज का इलाज शुरू कर दिया। जबकि उक्त अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट नहीं थे। यहां उसका पांच दिनों तक इलाज चला। इस बीच उसे 55 हजार रुपए वसूली की गई। 55 हजार का इलाज होने के बाद भी मरीज की स्थिति में कोई सुधार नहीं होने निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने पुनः मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इधर परेशान परिजन गंभीर मरीज को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुनः उसे रायपुर ले जाया गया।

सरगुजा की बालिकाओं ने अखिल भारतीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में जीता ब्राउंज मेडल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय बास्केटबाल प्रतियोगिता राजनंदगांव में 14 से 17 मई तक प्रार्थना साल्वे मेमोरियल आमंत्रण बास्केटबॉल अंडर-19 राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजित किया गया था। जिसमें देश के कई राज्यों के टीम शामिल थे। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिला बास्केटबॉल सघं के बालिका टीम भी शामिल थी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा टीम ने सीतामऊ व गुना की टीम को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई जिसके बाद सेमीफाइनल मैच में साई एकेडमी राजनांदगांव से पराजित होकर तृतीय स्थान के लिए सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेडमी के साथ मैच खेला जिसमें सरगुजा की टीम ने एकेडमी की टीम को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरगुजा टीम में कप्तान प्रज्ञा मिश्रा, साक्षी भगत ,रागनी अगरिया, साक्षी तिर्की, खुशबू गुप्ता, सुलेखा टोप्पो, रिमझिम मिश्रा, स्नेहा जयसवाल, संशिता एक्का, श्रेया उपाध्या, श्रेया दास, रिद्धिमा मुखर्जी शामिल थे। इस प्रतियोगिता में आमंत्रित रेफरी के रुप में रघुनाथ मुखर्जी शामिल थे। इस बड़ी उपलब्धि के लिए सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंहदेव द्वारा बधाई दी और उन्होंने कहा कि जल्द ही सरगुजा जिला में भी अखिल भारतीय बास्केटबाल प्रतियोगिता कराया जायेगा।

डॉ. रिजवान उल्ला ने संभाला क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा का पदभार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग डॉ. एसएस अग्रवाल को निलंबित किया गया है। इनके स्थान पर डॉ. रिजवान उल्ला प्रभारी प्रचार्य पदोन्नत प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र संचालन हेतु अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय अतिरिक्त प्रभार पर नियुक्त किया गया है। उक्त आदेश अपर संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर द्वारा जारी किया गया है। डॉ. रिजवान उल्ला ने गुरुवार को पदभार संभाला है।

मानवता को शर्मसार करने का मामला, झाड़ी में मिला नवताज का शव

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

मानवता को शर्मसार कर देने का मामला सामने आया है। जहां एक मां ने अपने नवजात बच्चे को झाडियों में फैंका और फरार हो गई। नवजात बच्चे का शव गुरुवार झाडियों में पड़ा मिला। शव को जानवरों ने बुरी तरह से नोचा हुआ था। शरीर के नीजे से आधे हिस्से को जानवरों ने नोच खाया था। जिस स्थाल पर नवजात के शव मिले हैं वहां आस पास कई निजी अस्पताल संचालित है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पास में ही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच आरंभ कर दी।

जानकारी के अनुसार गरुवार की सुबह एक व्यक्ति शहर के केडी अस्पताल बिहीबाड़ी के पास कटहल तोडने पहुंचा था। वहां झाडियों में एक नवजात शिशु को देखा तो उसने शोर मचाया और आसपास के लोगों को जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर प्रतिक्षा बस स्टैंड सहायता केन्द्र प्रभारी एएसआई अभिषेक पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस ने बताया कि शव जानवरों ने बुरी तरह से नोचा हुआ था। शरीर के नीजे से आधे हिस्से को जानवरों ने नोच खाया था। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम करवाने के बाद काफन-दफन करवा दिया है।

ओपीएस स्कूल की वेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर एवं मिस फेयरवेल चुनी गई आंचल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर के ओपीएस स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा आंचल मिश्रा ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किया है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में आंचल मिश्रा ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल के साथ साथ अपने माता पिता का नाम रोशन की है। सीबीएसई 12 वी में बायो ग्रुप में 93 प्रतिशत से उत्तीर्ण की साथ ही इस वर्ष ओपीएस स्कूल की वेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर एवं मिस फेयरवेल चुनी गई। सीबीएसई 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने पर ऑफिस स्कूल प्रबंधन ने आंचल मिश्रा को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

पांच दिवसीय श्री राम चरित मानस गायन वादन महासम्मेलन में बढ़-चढ़ कर प्रदर्शन कर रही मानस मंडलियां

- संवाददाता -
सूरजपुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

सूरजपुर के भैयाथान रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में चल रहे श्री रामचरितमानस गायन वादन महासम्मेलन के दूसरे दिन सुदूर ग्रामो से पधारी 29 मंडलियों ने समिति द्वारा दिए गए दोहा का गायन वादन पर अपनी कला का उत्तम प्रदर्शन किया तथा दोहा चौपाई का भावार्थ भी बताकर भजन गाकर अंक बटोरे। सभी विधाओं के लिए अलग-अलग अंक दिए जाने का प्रावधान है, जैसे वंदना, वेशभूषा, चौपाई पाठन, भावार्थ, भजन, प्रश्नकाल, सभी हेतु अलग-अलग अंक निर्धारित हैं सभी मंडलिया प्रभु श्रीराम के चरित्र का सुंदर वर्णन कर कार्यक्रम में सहभगिता बनाए हुए है। आज कार्यक्रम में भीमसेन अग्रवाल, रामस्वरूप गुप्ता, रामकृष्ण ओझा, भूलन सिंह, मुरली मनोहर सोनी, भंवर लाल सिंह, सुभाष गर्ग अंबिकापुर, वेद प्रकाश जैन, कलवंत गोयल, बसंत कुशवाहा, जगदीश प्रसाद, आचार्य कैलाश यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्य दीदी व बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन व निर्णायक भूमिका में माखनलाल जायसवाल, महेंद्र कुमार ठाकुर, संत कुमार साहू, मानसाय चौधरी, अलक सिंह, चंद्र भास्कर सुंदरलाल सिंह, राम नारायण प्रजापति, श्रीनारायण प्रसाद सिंह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

बालक बालिका मंडलीयो ने मन मोह लिया

कार्यक्रम में बालक बालिका व महिला मंडली मैं भी सहभागिता की है बच्चों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति शानदार वंदना भजन गयान चौपाई पाठन भावार्थ और प्रश्नोत्तरी के उत्तर में अपना उत्तम प्रदर्शन दिया जिसे सुनकर श्रोता गण का हृदय गदगद हुआ।

संस्कारों का बीजारोपण कर रहा शहर का विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुर श्रीरामचरितमानस कार्यक्रम में सम्मिलित हुई बालक बालिका मंडलियों में कुछ पूर्व छात्र सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुर के भी हैं, जिन्हें देखकर के लगता है वास्तव में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कारों का बीजारोपण बच्चों में किया है, जो आज के परिवेश में अत्यंत आवश्यक भी है।

तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों में हो रहा है जन चौपाल का आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला सूरजपुर जिला अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्रों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने के लिए जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है आपको बता दें कि जिलाध्यक्ष कौशल कुमार सिंह जी एवं भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र प्रेम नगर के तारा, शिवनगर, मेंड्रा, संग्रहण केंद्रों में जाकर जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से चर्चा परिचर्चा कर सरकार के विफलताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है जिला अध्यक्ष महोदय ने बताया कि जब पूर्व में भाजपा की सरकार थी तो तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र 15 दिवस के लिए खोला जाता था परंतु वर्तमान भूपेश सरकार के द्वारा मात्र तीन दिवस के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र खोला जाता है पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के द्वारा तेंदूपत्ता बोनस दिया जाता था जो कि वर्तमान सरकार के द्वारा नहीं दिया जाता है तेंदूपत्ता संग्राहक को को जीवन बीमा ,चरण पादुका व साड़ी तथा संग्राहक परिवार के पढ़ाई करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं पूर्व भाजपा सरकार के द्वारा दी जाती थी जिसको वर्तमान भूपेश सरकार के द्वारा बंद कर दिया गया राष्ट्रीय अभ्यारण क्षेत्र में निवासरत जनजातियों को पूर्व की भांति मुआवजा राशि प्रदान नहीं किया जाता श्री सिंह के द्वारा जन चौपाल में बताया गया कि कांग्रेस की वर्तमान सरकार अपने जन घोषणापत्र के अनुरूप समिति प्रबंधकों को तृतीय वर्ग कर्मचारी घोषित कर जन घोषणापत्र के अनुरूप तेंदूपत्ता फंड मुंसियो को ?12000 वार्षिक मानदेय तय करते हुए प्रदेश के पूर्व भाजपा सरकार के दौरान मिलने वाली सभी योजनाओं को पूरा करने के लिए सभी संग्राहक व समिति प्रबंधक के द्वारा हस्ताक्षर अभियान कर पूर्व भाजपा सरकार की सभी योजनाओं को चालू करने की मांग की गई जिसमें मुख्य रुप से दरोगा सिंह, शिवनंदन सिंह धनपत सिंह, बिसनू श्याम,ललनप्रताप सिंह व भारी संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक उपस्थित रहे।

42 वर्षीय व्यक्ति का मिला शव,पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को किया सुपूर्द

- संवाददाता -
लखनपुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजपुरी कला कवरपारा में सड़क किनारे 18 मई दिन गुरुवार की तड़के सुबह एक व्यक्ति के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ग्रामीणों द्वारा तत्काल घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही थी इसी दौरान शव का शिनाख्त सत्यनारायण यादव पिता रामचरण यादव उम्र 42 वर्ष ग्राम चैनपुर थाना लखनपुर निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। सतनारायण यादव पिता रामचरण यादव उम्र 42 वर्ष चैनपुर निवासी जो दूसरी शादी करने के बाद कई वर्षों से ग्राम रजपुरी कला अपने ससुराल में ही रहता था। अंबिकापुर में मजदूरी का कार्य करता था। बुधवार की रात लगभग 11:00 बजे अपने घर से काम करने जा रहा हूं कह कर निकला आज तड़के सुबह कवरपारा सड़क किनारे सतनारायण यादव का शव मिला चेहरे एवं नाक में चोट के निशान थे। सूचना उपरांत लखनपुर थाना प्रभारी भोज कुमार गुप्ता दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है। साथ ही मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है घटना के बाद से परिवार जनों में शोक व्याप्त है। वही घटना संबंध में थाना प्रभारी भोज कुमार से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि सत्यनारायण यादव शराब पीने का आदी था और प्रथम दृष्टया में गिरने से चोट लगने पर मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है।

आपके आत्मविश्वास को बढ़ाना ही सरगुजा पुलिस का मुख्य उद्देश्य

» महिला स्वधार गृह में आयोजित हिम्मत कार्यक्रम का समापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना हमर बेटी हमर मान के धरातल पर क्रियान्वयन हेतु आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता गुप्ता के निर्देशन में सरगुजा पुलिस द्वारा हिम्मत कार्यक्रम का आयोजन कर बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने के क्रम में गुरुवार को मणिपुर थाना अंतर्गत महिला स्वधार गृह एवं बालिकागृह में चल रहे प्रशिक्षण सत्र का समापन कार्यक्रम आयोजित कर सत्र का समापन किया गया। समापन समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि हिम्मत कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन में एक नयी पहल की गई है। आप सभी की हिम्मत को निखारने का कार्य इस प्रशिक्षण द्वारा सरगुजा पुलिस द्वारा किया जा रहा है। आप सभी के अन्दर प्रतिभा है आप किसी भी काम को करने कि ठान ले तो हर मुश्किल आसान होकर हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। आपके आत्मविश्वास को बढ़ाना ही सरगुजा पुलिस का मुख्य उद्देश्य है। आप सभी ने इस प्रशिक्षण के दौरान काफी मेहनत किया है। जो हम सभी को आज इस समापन समारोह मे आपकी हिम्मत प्रदर्शित भी हो रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला स्वधार गृह एवं बालिकागृह के बालिकाओं एवं महिलाओ द्वारा मार्शल आर्ट एवं ताईक्वांडो का प्रदर्शन कर प्रशिक्षण के उपयोगिता पर भी सार्थक चर्चा की गई, प्रशिक्षण सत्र के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओ को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ साथ विधिक ज्ञान, गुड टच बैड टच, साइबर सुरक्षा, पोक्सो एक्ट एवं अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगी के बारे मे विस्तृत जानकारी देकर ऐप डाउनलोड करवाकर सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी गई जिससे बालिकाएं एवं महिलाये स्वयं सुरक्षित होकर आस पास के छात्र छात्राओं के लिए भी मददगार बन सकने मे सक्षम हो सके। समापन समारोह के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला , प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, महिला थाना प्रभारी दुर्गेश्वरी चौबे, थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, बालिकागृह संचालिका मीरा शुक्ला, ब्रम्ह कुमारी से ममता दीदी,बाल संरक्षण अधिकारी मो ताजुद्दीन, मंजू पटेल बालिका गृह अधिक्षिका, कॉउंसलर रुचिका रीमा तिर्की, किरण मिंज, आरती कुजूर एवं महिला स्वधार गृह एवं बालिकागृह के स्टाप कार्यक्रम मे शामिल रहे।

नेपाल में भारतीय पर्वतारोही की मौत,एवरेस्ट के बेस कैंप में अस्वस्थ होने के कारण ले गए थे अस्पताल

काठमांडू ,18 मई 2023। नेपाल में भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। नेपाल के सोलखंब जिले में इलाज के दौरान गुरुवार को पर्वतारोही ने दम तोड़ दिया था। नेपाल के पर्यटन विभाग ने इसकी पुष्टि की है।

यह है पूरा मामला

नेपाली पर्यटन विभाग के निदेशक युवराज खातीवाड़ा ने कहा कि पेसमेकर से लैस भारतीय पर्वतारोही सुजैन लियोपोल्डिना बेस कैंप पर ट्रेनिंग के दौरान मापदंडों में फिट नहीं थी। इसलिए उन्हें माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए मना किया था, जिसे उन्होंने नकार दिया था। सुजैन 5800 मीटर तक चढ़ी थी, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें वापस उतार लिया गया। सुजैन को बुधवार शाम किराए के हेलीकॉप्टर से लुकला शहर ले गए थे, जिसे वहां के अस्पताल में भर्ती किया था। खातीवाड़ा के अनुसार, सुजैन पेसमेकर के साथ एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली एशियाई महिला बनने का विश्व रिकॉर्ड बनाना चाहती थी।

15-20 मिनट की दूरी 12 घंटे में पूरी की

ग्लेशियर हिमालयन ट्रैक के अध्यक्ष डेंडी शेरपा ने बताया कि पांच दिन पहले ही सुजैन को ट्रेनिंग के लिए मना कर दिया था। ट्रेनिंग के दौरान वह एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए फिट नहीं थी। लेकिन सुजैन सुनने को तैयार नहीं थी। शेरपा ने बताया कि सुजैन को बेस कैंप से क्रॉम्पटन पॉइंट पहुंचने में पांच घंटे से अधिक का समय लग गया, जो सिर्फ 250 मीटर लंबा था। शेरपा के अनुसार, आमतौर पर एक पर्वतारोही इस दूरी को 15-20 मिनट में पूरी कर लेता है। लेकिन सुजैन ने पहले प्रयास में पांच घंटे लगा दिए। वहीं दूसरे में छह तो तीसरे में 12 घंटे से अधिक समय लगा दिया।

पहले भी हो चुकी है मौत

नेपाल के अधिकारियों ने बताया कि सुजैन के परिवार को सूचित कर दिया गया है। शुक्रवार शाम तक उनके परिजन काठमांडू पहुंच जाएंगे। गुरुवार सुबह माउंट एवरेस्ट चढ़ते वक्त एक चीनी पर्वतारोही की भी मौत हो गई थी। इसके बाद इस सीजन में मृतकों की कुल संख्या आठ हो गई है। एवरेस्ट पर चढ़ते वक्त हुई मौतों में चार शेरपाओं, एक अमेरिकी डॉक्टर और एक मोल्दोवन पर्वतारोही शामिल हैं।

दो सप्ताह पहले दुर्घटनाग्रस्त हुआ था विमान,11 महीने के शिशु समेत चार बच्चे जिंदा मिले

नई दिल्ली,18 मई 2023। कोलंबिया के अमेजन में 1 मई को एक विमान क्रैश हो गया था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। तभी से ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। अब दुर्घटना के करीब दो सप्ताह बाद बुधवार को चार बच्चे जीवित पाए गए हैं। इसकी जानकारी खुद राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने दी है।

पेट्रो ने कहा कि सेना ने कठिन सर्च ऑपरेशन चलाया और आज उन्हें जीत मिल गई है। देश के लिए खुशी की बात है। करीब दो सप्ताह पहले हुई दुर्घटना के बाद बुधवार को घने कोलंबियाई अमेजन में चार बच्चे जीवित मिले हैं। इनमें एक 11 महीने का बच्चा भी है।

बता दें, अधिकारियों ने 100 से अधिक सैनिकों को स्निफर डॉग्स के साथ सर्च ऑपरेशन में लगाया था। यह उन बच्चों की तलाश में जुटे थे, जो 1 मई को हुए विमान दुर्घटनाग्रस्त के बाद से गायब थे। इस घटना में तीन वयस्कों की मौत हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद बच्चे दक्षिणी कैक्वेटा के जंगल में भटक रहे थे। इन बच्चों की उम्र 4, 9 और 13 साल बताई जा रही है। वहीं एक बच्चा मात्र 11 महीने का है। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बच्चे की पीने की बोतल और आधा खाया हुआ फल मिला था। इसी के बाद तलाश और तेज कर दी थी। इससे पहले, सोमवार और मंगलवार को सैनिकों को पायलट और दो वयस्कों के शव मिले थे। मृत यात्रियों में से एक मुकुतुय चार बच्चों की मां थी।

भारतीय मूल की प्रतिमा भुल्लर, न्यूयॉर्क पुलिस में बनीं कैप्टन,ये पद पाने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला

न्यूयॉर्क,18 मई 2023। भारतीय मूल की पुलिस अधिकारी प्रतिमा भुल्लर मालडोनाडो को न्यूयॉर्क पुलिस में कैप्टन पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाली मालडोनाडो, दक्षिण एशियाई मूल की पहली महिला बन गई हैं। बता दें कि प्रतिमा भुल्लर को बीते महीने कैप्टन पद पर नियुक्त किया गया था। फिलहाल वह साउथ रिचमंड हिल इलाके के 102वें पुलिस स्टेशन का नेतृत्व करेंगी।

पंजाब से है ताल्लुक

प्रतिमा भुल्लर का जन्म पंजाब में हुआ था और वह नौ साल तक पंजाब में ही रहीं। नौ साल की उम्र में वह अपने माता-पिता के साथ न्यूयॉर्क चली गईं थी। रिचमंड हिल इलाके में बतौर कैप्टन बनने पर प्रतिमा ने कहा कि यह घर वापस आने जैसा है। मैंने अपने जीवन के 25 से भी ज्यादा साल इस इलाके में गुजारे हैं। बता दें साउथ रिचमंड इलाके में बड़ी तादाद में सिख समुदाय के लोग रहते हैं।

जिस इलाके में गुजरा बचपन, वहीं बनीं कैप्टन

उन्होंने कहा कि %जिस गुरुद्वारे वह बचपन में जाती थीं, अब उसी गुरुद्वारे कैप्टन के रूप में जाऊंगी और यह मजेदार है।% प्रतिमा ने कहा कि बतौर कैप्टन उनका जोर कम्युनिटी पुलिसिंग पर रहेगा। न्यूयॉर्क पुलिस में शीर्ष पद पर पहुंचने पर प्रतिमा भुल्लर ने कहा कि कई बार आपको आपके काम के लिए तारीफ नहीं मिलती लेकिन इसके बावजूद आपको काम करना होता है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं ना सिर्फ अपने समुदाय बल्कि महिलाओं, बच्चों और हर किसी के सामने पुलिस का अच्छा उदाहरण पेश करना चाहती हूं।

प्रतिमा भुल्लर ने कहा कि उनके पिता न्यूयॉर्क में टैक्सी चलाते थे, उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। 2006 में प्रतिमा के पुलिस विभाग में जॉइन करने से पहले ही उनका निधन हो गया।

लाहौर में इमरान के आवास पर धावा बोल सकती है पुलिस, आतंकियों को सौंपने के लिए दिया गया अल्टीमेटम खत्म

इस्लामाबाद,18 मई 2023। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पंजाब की अंतरिम सरकार ने बुधवार को दावा किया था जमां पार्क स्थित इमरान खान के आवास में 30-14 आतंकी छिपे हुए हैं, जिन्हें सौंपने के लिए सरकार ने उन्हें 24 घंटे का वक्त दिया था। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, जमां पार्क जाने वाली सड़कों को पुलिस ने बंद कर दिया है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। पाकिस्तानी पंजाब पुलिस कथित रूप से खान के घर में छिपे आतंकियों को गिरफ्तार करने के लिए सुरक्षा अभियान शुरू करने वाली है। राज्य सरकार ने खान को आतंकी सौंपने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया था, जो अब खत्म होने वाला है।

यह है पूरा मामला

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पंजाब की अंतरिम सरकार ने बुधवार को दावा किया था जमां पार्क स्थित इमरान खान के आवास में 30-14 आतंकी छिपे हुए हैं, जिन्हें सौंपने के लिए सरकार ने उन्हें 24 घंटे का वक्त दिया था। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, जमां पार्क जाने वाली सड़कों को पुलिस ने बंद कर दिया है। इलाके में पुलिस का भारी बल तैनात है। पंजाब पुलिस के मुखिया ने पुलिस को अलर्ट रहने के आदेश दिए हैं।

एक दिन पहले ट्वीट कर खान ने दी थी जानकारी

खान ने बुधवार को एक वीडियो ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने दावा किया कि जब मैं राष्ट्र को संबोधित कर रहा था, तब मेरे घर के बाहर पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी और दर्जनों वाहन मेरे घर के आसपास घूम रहे थे। पाकिस्तानी पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि देश तबाही की ओर बढ़ रहा है। यहां फिर से पूर्वी पाकिस्तान जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। मैं एक डरावना सपना देख रहा हूं कि देश तबाही की ओर जा रहा है। खान ने पंजाब सरकार के आतंकी छिपे होने के दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस को तलाशी वारंट के साथ मेरे घर में घुसना चाहिए। यह वह समय है, जब देश की शक्तियों को समझदारी से फैसला करना चाहिए और पुनर्विचार करना चाहिए, नहीं तो देश में पूर्वी पाकिस्तान जैसे हालात बन जाएंगे।

मीडियाकर्मी खान के घर में घुसे

पूर्व प्रधानमंत्री खान ने कुछ मीडिया कर्मियों को अपने घर में जाने की अनुमति दी थी, जिससे वह देख सके घर में कौन-कौन है। दौरे के बाद उन्होंने बताया कि घर के अंदर केवल घरेलू कामगार और कुछ पुलिसकर्मी थे। बुधवार को ट्वीट करते हुए खान ने कहा था कि पुलिस ने मेरे घर को चारो ओर से घेर लिया है। गिरफ्तारी से पहले मेरा आखिरी ट्वीट।

पैपराजी से डरे प्रिंस हैरी-मेगन तो भारतीय मूल के ड्राइवर ने सही-सलामत निकाला,खुद बताई पूरी घटना की सच्चाई

नई दिल्ली ,18 मई 2023। ब्रिटेन के प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल का पैपराजी ने मंगलवार रात न्यूयॉर्क में खतरनाक तरीके से पीछा किया गया। डरे दंपति ने पैपराजी से बचने के लिए एक भारतीय मूल के ड्राइवर की कैब का सहारा लिया। हालांकि, पैपराजी फिर भी नहीं माने और लगातार उनका पीछे करते रहे, ऐसे में यह यात्रा करीब 10 मिनट तक ही चली।

भारतीय मूल के ड्राइवर सुखचरन सिंह ने बताया कि वह पीली कैब चलाते हैं। 37 वर्षीय सिंह बचपन में ही भारत से अमेरिका आ गए थे। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात करीब 11 बजे न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग के ईस्ट 67वीं स्ट्रीट से कपल और मेघन की मां को कैब में बिठाया। इस दौरान वह डरे हुए लग रहे थे। सिंह ने बताया कि वह थोड़ी ही दूर निकले थे कि दो वाहन उनका पीछे करने लग गए।

खतरनाक तरीके से पीछे करने वाली बात से इनकार

ड्राइवर ने कहा कि वह लगातार हमारा पीछा कर रहे थे। एक कचरा ट्रक हमारे सामने आ गया, जिससे रुकना पड़ा और वे वाहन हमारे पास आ गए। उन्होंने तस्वीरें लीं और वीडियो बनाई। सिंह ने कहा कि पैपराजी को देखकर सुरक्षा गार्ड घबरा गए थे। वह नहीं चाहते थे कि और लोगों को भी उनकी लोकेशन के बारे में पता लगे। इसलिए उन्होंने तुरंत उसे वापस थाने लौटने को कहा। वह तुरंत वापस उन्हें पिकअप प्वाइंट पर छोड़ आए। सिंह ने कहा कि कपल और गार्ड की बात से लग रहा था कि पैपराजी उनका बहुत समय से पीछा कर रहे थे।

सिंह ने पैपराजी द्वारा खतरनाक तरीके से पीछे करने वाली बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि करीब 10 मिनट तक प्रिंस और उनकी पत्नी मेरी कैब में थे। इस दौरान मुझे नहीं लगा कि कोई खतरा था। हालांकि, वे लोग घबराए हुए थे शायद उनका पूरे दिन से पीछा किया जा रहा था। लेकिन इस दौरान सुरक्षा गार्ड मौजूद थे।

न्यूयॉर्क में डरने का कोई कारण नहीं

ड्राइवर ने कहा कि हो सकता है कि उनकी कैब में बैठने से पहले कुछ हुआ हो। लेकिन, 10 मिनट की यात्रा के दौरान मुझे ऐसा कुछ नहीं लगा। घटना को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क शहर सबसे सुरक्षित जगह है। हर कोने पर पुलिस है। न्यूयॉर्क में डरने का कोई कारण नहीं है। सिंह ने कहा कि पैपराजी बिल्कुल भी आक्रामक नहीं थे। उन्होंने अपनी दूरी बनाए रखी थी। बस इतना कि वे लगातार हमारे पीछे आ रहे थे।

न्यूयॉर्क में पुरस्कार समारोह में शामिल

यह घटना ड्यूक एंड डचेस ऑफ ससेक्स के न्यूयॉर्क में एक पुरस्कार समारोह में शामिल होने के बाद मंगलवार को हुई थी। दरअसल, प्रिंस हैरी ने मेगन और उनकी मां डोरिया रैगलैंड के साथ फाउंडेशन वीमेन ऑफ विजन अवार्ड्स में भाग लिया था।

भारतीय नौसेना के जहाज ने त्रिंकोमले का किया दौरा,भारत-श्रीलंका संबंध होंगे मजबूत

कोलंबो ,18 मई 2023। भारतीय नौसेना के जहाज बत्ती मालव ने 16-17 मई को त्रिंकोमले का दौरा किया। इस दौरे की जानकारी देते हुए कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया कि यात्रा के दौरान कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के कमांडर से मुलाकात की। सामाजिक पहलों में समुद्र तट की सफाई अभियान, स्कूली बच्चों के साथ बातचीत और एक योग सत्र शामिल था। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने आगे कहा कि वीबीएसएस, खेल और जहाज की क्षमता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रस्थान के बाद, एसएलएनएस रणधीरा के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास में भाग लिया। यह यात्रा साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को दूर करने में भारत-श्रीलंका सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हाइपरसोनिक मिसाइल के वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप,साइंटिस्ट बोले-ऐसे डर के नहीं कर सकते काम?



मॉस्को ,18 मई 2023। रूस में हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने वाले तीन वैज्ञानिकों पर राजद्रोह के गंभीर आरोप लगे हैं। रूसी सरकार ने यह जानकारी दी है। वहीं वैज्ञानिकों पर राजद्रोह के आरोप लगने से पूरा वैज्ञानिक समुदाय चिंतित है और उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि वह डर के माहौल में काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं सरकार ने कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं।

इन वैज्ञानिकों पर लगे देशद्रोह के आरोप

बता दें कि रूस के जिन वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप लगा है, उनमें एनातोली मासलोव, एलेक्जेंडर शिपलियुक और वलारी ज्वेगिनत्सेव का नाम शामिल है। रूस के ढ्ढञ्जरूरिसर्च सेंटर में काम करने वाले मासलोव और शिपलियुक ने साल 2012 में फ्रांस में आयोजित एक सेमिनार में हाइपरसोनिक मिसाइल के डिजाइन को प्रदर्शित किया था। साथ ही साल 2016 में तीनों आरोपित वैज्ञानिकों ने हाइपरसोनिक मिसाइल पर एक किताब भी लिखी थी। माना जा रहा है कि इन्हीं के चलते वैज्ञानिकों पर राजद्रोह का आरोप लगा है।

सहयोगी वैज्ञानिकों ने लिखा सरकार को पत्र

अब इन वैज्ञानिकों के समर्थन में इनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने सरकार को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि जिन वैज्ञानिकों पर आरोप लगे हैं वह निर्दोष हैं और उनके खिलाफ देशद्रोह की कार्रवाई से रूस का वैज्ञानिक समुदाय चिंतित है। पत्र में कहा गया है कि हम उन्हें जानते हैं कि वह देशभक्त हैं और उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया है, जो जानकारी उन्होंने सार्वजनिक की है, वह कई बार चेक की गई थी कि कहीं उसमें कोई प्रतिबंधित जानकारी तो नहीं है, उसके बाद ही उसे सार्वजनिक किया गया था।

वैज्ञानिकों ने पत्र में कहा है कि राजद्रोह का आरोप लगने के बाद युवा छात्र हमारे साथ काम करने के लिए तैयार नहीं हैं और होनहार छात्र विज्ञान छोड़ रहे हैं। एयरोस्पेस तकनीक के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्र बंद करने पड़ रहे हैं क्योंकि उनके लिए सक्षम लोग ही नहीं मिल रहे।

मध्य नाइजीरिया के दो गांवों में हमला,30 लोग मारे गए

अबुजा, 18 मई, 2023। नाइजीरियाई पुलिस ने पुष्टि की है कि देश के मध्य पठारी राज्य में दो गांवों में हाल में हुए घातक हमलों में 30 स्थानीय लोग मारे गये हैं।

पठार में पुलिस के प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने एक बयान में कहा कि हमलों के सिलसिले में अब तक कम से कम पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मंगू स्थानीय सरकारी क्षेत्र के फंगजई और कुबत गांवों में काफी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। बंदूकधारियों ने सोमवार देर रात हमला करके इन लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी भी अन्य बंदूकधारियों की तलाश कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार देर रात पास के एक गांव से किसी ने पुलिस को फोन किया था और फंगजई और कुबत में हमले की जानकारी दी थी।

उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के मौके पर पहुंचने के बाद हमलावर चार मोटरसाइकिलें, एक मिनीवैन और अपनी नापाक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कुछ अन्य वस्तुएं छोड़कर मौके से फरार हो गए।

क्या विधायक प्रतिनिधि को विधायक के ही चहेते नपा उपाध्यक्ष ने पहुंचाया जेल?

- रवि सिंह -
एमसीबी,18 मई 2023
(घटती-घटना)।

नवीन एमसीबी जिला मनेंद्रगढ़ से एक मामला सामने आया है जिसमे मनेंद्रगढ़ विधायक के प्रतिनिधि एवं उनके खास सिपहसालार सहित उसके भाई को जेल जाना पड़ा है और इसके पीछे की मुख्य वजह सूत्रों के अनुसार नगरपालिका उपाध्यक्ष साथ ही मनेंद्रगढ़ विधायक के ही खास व्यक्ति से विधायक प्रतिनिधि की आपसी रंजिश है और यही मुख्य वजह बनी जेल जाने की। पूरे मामले में नगर पालिका मनेंद्रगढ़ के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और कुछ कर्मचारियों का सहारा विधायक प्रतिनिधि पर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए लिए गया है यह भी बातें सामने आ रही हैं और लेकिन वास्तविक बात क्या है यह पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

वैसे पूरे मामले में मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनेंद्रगढ़ द्वारा पुलिस को शिकायत की गई है की विधायक प्रतिनिधि सहित उसके भाई ने नगरपालिका मनेंद्रगढ़ की दीवाल को गिराया है और जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा है इसी आधार पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया

» क्या विधायक प्रतिनिधि को जेल भेजने व आपसी लड़ाई को भुनाने नपा उपाध्यक्ष ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी कर्मचारियों का लिया सहारा?

» मनेंद्रगढ़ विधायक के प्रतिनिधि शासकीय दीवार तोड़ने पर गए जेल पर वही शासकीय दीवारों पर प्रचार करने वाले कब जाएंगे जेल?

है। बता दें की मामला 4 मई को पंजीबद्ध किया गया है और गिरफ्तारी 17 मई को हुई है। विधायक प्रतिनिधि सहित उसके भाई पर भादवि की धारा 427,34,3 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया है।

विधायक प्रतिनिधि एवम नपा उपाध्यक्ष के बीच ऐसी रंजिश की एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने किसी हद तक जाने दोनो तैयार

बताया जा रहा है की विधायक

प्रतिनिधि एवम नगर पालिका उपाध्यक्ष मनेंद्रगढ़ के बीच की आपसी रंजिश काफी दिनों से चली आ रही है, एक तरफ जहां विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका उपाध्यक्ष के गिट्टी क्रेशर के पीछे हांथ धोकर पड़े हुए हैं और उसे अवैध बताकर उसे हटाने की मांग कर रहे हैं वहीं इसी से क्षुब्ध होकर नगर पालिका उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि के पीछे हांथ धोकर पड़े हुए हैं और विधायक प्रतिनिधि को वह नुकसान पहुंचाने कोई मौका गवाना नहीं चाहते हैं। इसलिए नगर पालिका मनेंद्रगढ़ की तरफ से विधायक प्रतिनिधि के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराकर उन्हें जेल भेजा गया है।

छाती पिटकर नगर पालिका उपाध्यक्ष बता रहें हैं की विधायक प्रतिनिधि को जेल भेजने की पीछे उन्हीं का हांथ

सूत्रों की माने तो एवम शहर की चर्चाओं के अनुसार यह बात सामने आ रही है की खुद नगर पालिका उपाध्यक्ष छाती पीटकर शहर में यह ऐलान कर रहें हैं की विधायक प्रतिनिधि को जेल उन्ही ने भेजा है। उनका यह भी कहना है जो सूत्रों अनुसार जानकारी मिली है की विधायक प्रतिनिधि उनके क्रेशर के पीछे पड़ा था इसलिए उसे उसका परिणाम भुगतना पड़ा है और जेल जाना पड़ा है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष मनेंद्रगढ़ के गिट्टी केशर को लेकर होती रही है शिकायत

बताया जा रहा है की नगर पालिका मनेंद्रगढ़ के उपाध्यक्ष का गिट्टी क्रेशर जो जिला मुख्यालय के साथ ही जिला संयुक्त कार्यालय के बिल्कुल समीप है को लेकर कई बार विधायक प्रतिनिधि ने शिकायत की है जिसमे यह आरोप लगाया गया है की अवैध भंडारण ,उत्खनन साथ ही ब्लास्टिंग क्रेशर में हो रही है साथ ही प्रदूषण भी क्रेशर से हो रहा है। विधायक प्रतिनिधि गौरव गुप्ता की शिकायत पर जांच टीम भी गठित हुई और आकर उसने जांच भी किया लेकिन जांच में कुछ की कार्यवाही नहीं हुई जबकि लोगों को भी विश्वास था की अवैध रूप से संचालित गिट्टी क्रेशर पर कार्यवाही होगी और उसे बंद किया जायेगा।

विधायक प्रतिनिधि व नपा उपाध्यक्ष मनेंद्रगढ़ विधायक के लिए बने सर दर्द

मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जयसवाल के खास है गौरव गुप्ता जिस वजह से उन्हें विधायक प्रतिनिधि भी बनाया गया था और वही मनेंद्रगढ़ नापा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी भी काफी खास है, विधायक के इन दोनों खास आदमी आपस में ही भिड़ चुके हैं एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे, वही विधायक अपने प्रतिनिधि का सपोर्ट करेंगे या फिर अपने नापा उपाध्यक्ष का वह भी इस मामले में फंस चुके हैं पर सवाल यह भी है कि विधायक हैं चाहते तो इन दोनों के बीच की मतभेद को खत्म कर दुश्मनी भी खत्म करा सकते थे पर ऐसा अभी तक नहीं हो पाया है विधायक खुद ही नहीं चाह रहे कि यह मामला खत्म हो यही वजह है कि मामला बढ़ता नजर आ रहा है और यह खत्म होने का नाम नहीं लेगा, सूत्रों का कहना है कि विधायक जहां नापा उपाध्यक्ष के क्रेशर को बचाने के लिए उनके साथ घूम रहे हैं पर वही अपने विधायक प्रतिनिधि को जेल जाने के लिए छोड़ दिया है।

संपत्ति तोड़ने के आरोप में विधायक प्रतिनिधि जेल चले गए,शासकीय संपत्ति पर प्रचार करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध क्यों नहीं?

नगर पालिका क्षेत्र मे निर्मित शासकीय दीवाल को तोड़ने के आरोप में विधायक प्रतिनिधि पर अपराध पंजीबद्ध हो गया और वह जेल भी चलेगा और वही नेशनल हाईवे सहित कई शासकीय भवनों के दीवार पर प्रचार किसी पार्टी का हो रहा है उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, नेशनल हाईवे के पुल पर खूब प्रचार प्रसार किया गया था उस मामले में भी खूब हो हल्ला हुआ, भाजपा ने आवेदन भी दिया पर अपराध पंजीबद्ध नहीं हुआ, वहां पर मौजूद एक नेताजी सौजन्य तौर पर गाली गलौज भी की है फिर भी अपराध पंजीबद्ध नहीं हुआ अब ऐसे में सवाल यह उठता है क्या मुंह देखा देखी कार्यवाही मनेंद्रगढ़ में होती है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा कोरोना वैश्विक आपदा नहीं तो क्या अब वायरोलॉजी लैब की जरूरत भी हुई खत्म?

» कोरिया जिले में वायरोलॉजी लैब बंद करने की कवायद शुरू,कर्मचारियों को हटाने नोटिस हुई जारी

» वायरोलॉजी लैब में कार्यरत कर्मचारी सेवा वृद्धि की कर रहे मांग,स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों को हटाने दे चुका दो-दो नोटिस

- रवि सिंह -
कोरिया 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरोना अब वैश्विक महामारी नहीं है यह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषणा कर दी है, एक तरह से विश्व स्वास्थ संगठन का यह बयान कुछ अटपटा सा भी है क्योंकि कोरोना वैश्विक बीमारी नहीं यह उसकी घोषणा है या कोरोना पूरी तरह से खत्म हो चुका है यह उसका बयान है यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है वहीं कोरिया जिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा से पूर्व ही कोरोना जांच के लिए स्थापित वायरोलॉजी लैब के कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने का नोटिस जारी किया जा चुका है और जिसको लेकर अब कर्मचारी परेशान हैं और वह सेवावृद्धि की मांग कर रहें हैं।



कर्मचारियों का कहना है की उन्होंने कोरोना के भीषण दौर के दौरान जान जोखिम में डालकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है और बजाए उन्हें नियमित रूप से सेवा में रखने उन्हे सेवा से बाहर किया जा रहा है।

वायरोलॉजी लैब में कार्यरत कर्मचारियों को पहली बार फरवरी माह में नोटिस देकर सेवा समाप्ति की बात कह दी गई थी और अब मई माह में उन्हे पुनः नोटिस देकर सेवा से पृथक कर दिया गया है जिससे वह बेरोजगार हो गए हैं। वैसे यदि वायरोलॉजी लैब में कार्यरत कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग चाहे तो सेवा में रख सकता है और उनकी सेवा अन्य किसी कार्य में ले सकता है जो कर्मचारियों की भी मांग है लेकिन आबंटन का हवाला देकर स्वास्थ्य विभाग ने साफ शब्दों में कर्मचारियों से कह दिया है की उन्हे यदि बिना मानदेय निशुल्क सेवा प्रदान करनी है तो वह करें वह भी लिखित में सहमति प्रदान करके वरना वह लैब में न जाएं और अपनी सेवा समाप्त माने। विभाग के पत्र से एक सवाल यह भी उठता है की जब विभाग कर्मचारियों से निशुल्क सेवा की बात कर रहा है तो इसका मतलब है की स्वास्थ्य विभाग में काम तो है फिर काम के बदले विभाग मानदेय क्यों नहीं देना चाहता यह समझ से परे है।

लैब बन्द हुआ इस पर खर्च किए गए पैसों का क्या अब कोई उपयोग नहीं?- वैश्विक महामारी के दौरान चालू हुआ वायरोलॉजी लैब अब बंद किया जा रहा है और उसमे कार्यरत कर्मचारी भी अब हटाए जा रहे हैं लेकिन सवाल यह खड़ा हो रहा है की क्या लैब के लिए खरीदे गए उपकरण अब किसी काम के नहीं हैं क्या अब पूरे उपकरण अब कबाड़ हो जाएंगे और यदि ऐसा नहीं है तो फिर कर्मचारियों की हटाना कितना सही निर्णय है।

बिल्डिंग व लैब उपकरण का क्या होगा?- लैब के लिए बिल्डिंग भी तय थी उपकरण भी खरीदे गए थे अब दोनो का क्या होगा यह बड़ा सवाल है। सिर्फ जा रही है तो कुछ की नौकरी।

क्या गंभीर मामले के आरोपियों के साथ घूमने से नेता जी का जनाधार बढ़ता है?

- रवि सिंह -
एमसीबी,18 मई 2023
(घटती-घटना)।

इस समय जिले की राजनीति एक अलग ही ट्रेंड चल रहा है व ट्रेंड है आरोपियों के साथ घूमना और उसके साथ फोटो खिंचवाने का, जिसे लेकर सवाल भी खड़े होने लगे सवाल यह है कि आज जनप्रतिनिधियों का आरोपियों के साथ घूमना उन्हें संरक्षण देने से क्या इनका जनाधार बढ़ता है या जनता में इनकी इज्जत बढ़ती है? यह सवाल इसलिए खड़ा हुआ है क्योंकि ज़िले के सोनहत भरतपुर से सत्तारूढ़ दल के विधायक और सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरों इन दिनों सोशल मीडिया में छाए हुए हैं, लेकिन उनकी चर्चा किसी उपब्लधि के लिए नहीं हो रही है, बल्कि अपराध में आरोपी नेता के साथ फ़ोटो सूट को लेकर हो रही है, दरअसल ये वायरल फ़ोटो क़रीब एक सप्ताह पहले उस वक्त की है, जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रदेश प्रभारी चंदन यादव अम्बिकापुर दौरे पर थे, फ़िलहाल उनकी इस फ़ोटो को विपक्षी दल भाजपा के नेताओं ने राजनैतिक फ़ायदे के लिए अपने ट्यूटर हैंडल से लेकर अन्य सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर सजा दिया है, तो वहीं उनकी विधानसभा से लेकर पूरे संभाग में इस तस्वीर के सहारे लोग लोग कांग्रेस प्रभारी सचिव को गांधीवाद याद दिला रहे हैं, कुल मिलाकर चुनावी वर्ष मे इस तरह की फ़ोटो को विपक्षी संजीवनी मान रहे हैं।

Gouri Shanker Shrivas
@GouriShanker_CG

माननीय मोहन भैय्या@MohanMarkamPCC आपका रविप्रताप सिंह (ब्लाक अध्यक्ष भरतपुर)पंचायत सचिव के हत्या के आरोप में ज़मानती है , इनका हत्यारा पुत्र जेल में है। ऐसे में प्रभारी सचिव चंदन यादव जी कौन सा गांधीवाद सीखा रहे ऐसे अपराधियों को? @INCChhattisgarh

Translate Tweet

आत्महत्या के आरोपी ब्लाक अध्यक्ष को साथ लेकर विधायक ने पीसीसी अध्यक्ष के साथ कराया फ़ोटो सूट..तो भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने ट्विट कर पूछा कौन सा गांधीवाद सीखा रहे ऐसे अपराधियों को?'

क्या गंभीर मामले के आरोपियों के साथ घूमने से नेता जी का जनाधार बढ़ता है?

बीते 8-9 मई को पीसीस अध्यक्ष मोहन मरकाम संभाग और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ चंदन यादव पदाधिकारियों की बैठक लेने के साथ बूथ सशक्तिकरण के लेकर सरगुजा संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर आए थे, इस दौरान भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरों में मोहन मरकाम और डॉ चंदन यादव के साथ फ़ोटो खिंचवाई, इस दौरान विधायक के साथ जनकपुर-भरतपुर ब्लाक के कांग्रेस अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह भी उनके साथ थे, फ़ोटो खिंचने के बाद जैसे ही विधायक के पीआरओ ने य तस्वीर अपने वाट्सएप ग्रुप में डाली मानो इस तस्वीर में वायरल होने की रफ़्तार ही पकड़ ली, दरअसल रवि प्रताप सिंह कुछ महीने पहले जनपद पंचायत के एक सचिव की आत्महत्या के आरोप में ज़मानत पर हैं, वहीं उनका पुत्र एक डेढ महीने पहले हुई हत्या के जुर्म में जेल में निरुद्ध हैं. ऐसे में विपक्षी दल भाजपा के लोगों को बोलने का मौक़ा मिल गया, और वो अब अपने अपने तरीक़े से इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर वायरल करके कांग्रेस नेताओं को आईना दिखा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने किया ट्विट

चुनावी वर्ष में ऐसी और भी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की शोभा बढ़ाती रहेंगी, जिसमें भाजपा कांग्रेस दोनों दल के नेता ट्रोल होंगे, लेकिन फ़िलहाल भाजपा नेताओं के लिए छत्तीसगढ़ की पहली विधानसभा सोनहत-भरतपुर के विधायक साफ्ट टार्गेट बने हुए हैं, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास ने अपने ट्यूटर हैंडल से इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए, लिखा है कि माननीय मोहन भैय्या आपका रविप्रताप सिंह (ब्लाक अध्यक्ष भरतपुर) पंचायत सचिव के हत्या के आरोप में ज़मानती है, इनका हत्यारा पुत्र जेल में है। ऐसे में प्रभारी सचिव चंदन यादव जी कौन सा गांधीवाद सीखा रहे ऐसे अपराधियों को?

आंदोलनरत पटवारियों ने कहा कि जब तक उनकी 8 सूत्री मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक हड़ताल लगातार जारी रहेगी

- संवाददाता -
एमसीबी,18 मई 2023 (घटती-घटना)।

14 मई 2023 तक मांग पूरी नही होने की दशा में राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ 15 मई 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गये. पटवारियों की हड़ताल में चले जाने से राजस्व विभाग के काफी काम प्रभावित हो रहे हैं, आंदोलनरत पटवारियों ने कहा कि जब तक उनकी 8 सूत्री मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक हड़ताल लगातार जारी रहेगी। 8 सूत्रीय मांगो को लेकर धरने में सुरेंद्र पाल सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष, गिरजेश साहू जिलाध्यक्ष नागेंद्र नारायण सिंह,रमेश राम बाबू नारायण सिंह, नलिन तिवारी दीपेंद्र पाल सिंह, सुनैना सिंह, सरस्वती गुप्ता, रंजीता लकड़ा, छाया गुप्ता, मंजुलता, चंदा भगत, प्रेमारोस खाखा, पुत्तरा सिंह,वंदना तेंदुवा, अलमा बखला, मीनू कौरव, आशीष सिंह ,आशीष मिंज सहित अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन में बैठे पटवारियों ने बताया कि विभिन्न मांगो एवं समस्यायों के निराकरण हेतु राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ द्वारा समय समय पर सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को पत्राचार के साथ ही विभिन्न मांगो को लेकर दिसम्बर 2020 में संघ द्वारा विभिन्न चरणों में आन्दोलन भी किया गया था, जिस पर राजस्व मंत्री के आश्वासन पर आन्दोलन स्थगित किया गया था कुछ मांगो को जैसे स्टेशनरी भत्ता नेट भत्ता आदि को वर्ष 2021 में स्वीकृत भी किया गया था किन्तु उसका क्रियान्वयन नही हुआ 7 आज पर्यन्त पटवारियों की समस्यायों और मांगो का उचित निराकरण नही जा सका है 7 जिससे प्रदेश के पटवारीयो में भारी रोष व्याप्त है 7 इसे लेकर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ द्वारा पूर्व सुचना देकर 24 अप्रैल 2023 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तुता रायपुर में किया गया, धरना प्रदर्शन में उपस्थित सभी प्रांतीय कार्यकारिणी, जिलाध्यक्षों एवं सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से मांगे पूर्ण नही होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किया गया. अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे पटवारियों ने वेतन विसंगति दूर करते हुए वेतन में बढ़ोतरी की माँग की है.प्रदेश के पटवारियों द्वारा विभागीय कार्यों के अतिरिक्त समय समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा दिए मौखिक /लिखित आदेशो का पालन ईमानदारी पूर्वक किया जा रहा है, निर्वाचन, जनगणना, बाढ़ आपदा, सुखा राजस्व वसूली प्रोटोकाल ड्यूटी, जनसमस्या निवारण शिविरों में आवश्यक व्यवस्था के

साथ साथ प्राप्त विभागीय आवेदनों का समय पर निराकरण शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ में सहभागिता आदि कार्यो का संपादन विभागीय कार्य जैसे गिरदावरी, अभिलेख अद्यतन नक्शा बटाकन सीमांकन, आबादी सर्वे के साथ साथ किया जा रहा है, न सिर्फ इतना ही बल्कि आवश्यक व्यवस्था हेतु मेला में मंदिरों में, अन्य बड़े आयोजनों में भी पटवारियों का ड्यूटी लगाई जाती है । कार्य की अधिकता को देखते हुए पटवारियों का ग्रेड पे 2800 किया जाये।

वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति- राजस्व निरीक्षक की सीधी भर्ती पर रोक लगाया जाये7 राजस्व निरीक्षक के कुल पदों के 50 प्रतिशत पर पटवारियों से वरिष्ठता के आधार पर एवं शेष 50 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियूक्ति किया जाये। 5 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी पटवारियों को राजस्व निरीक्षक का प्रशिक्षण दिलाया जाये, प्रशिक्षित पटवारियों से ही रिक्त पदों के 50 प्रतिशत पर वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति किया जाये, उपरोक्तानुसार भर्ती नियम में आवश्यक संशोधन किया जाये। साथ ही राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित रूप से आयोजित किया जाये।

संसाधन एवं भत्ते

वर्तमान में भूमि से संबंधित अभिलेख ऑनलाइन किया जा चूका है 7अभिलेखों का दुरुस्ती,नामान्तरण/बटवारा में आवश्यक प्रतिवेदन, नक्शा बटांकन आदि ऑनलाइन ही किया जा रहा है। जिसके लिए कंप्यूटर, इन्टरनेट, प्रिंटर, स्कैनर आदि की आवश्यकता पडती है । किन्तु दुखद है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना भुइयाँ कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु पटवारियों को आज पर्यन्त आवश्यक संसाधन नही दिया गया है, पटवारियों को ऑनलाइन कार्य हेतु कंप्यूटर/लैपटॉप प्रदान किया जाये साथ ही इन्टरनेट हेतु 500 रु मासिक नेट भत्ता दिया जाये 7 वर्तमान में बहुत से नये हल्कों का गठन किया गया है, जहा पटवारियों को कार्यालय तो दूर मूल भुत सुविधाए जैसे टेबल कुर्शी पंखा अलमीरा भी नही दिया गया है, किराये के मकान में स्वयं के संसाधन से कार्यालय चलाने में मजबूर है, अतः प्रत्येक पटवारी हल्के में पटवारी कार्यालय एवं आवश्य फर्नीचर की व्यवस्था किया जाये।

स्टेशनरी भत्ता

पटवारियों को वर्तमान में 250 रु प्रति माह की दर से स्टेशनरी भत्ता दिया जा रहा है जिसका निर्धारण लगभग 10 वर्ष पूर्व किया गया था, बढ़ते महंगाई के साथ साथ स्टेशनरी के दरो में भी वृद्धि हुआ है अतः स्टेशनरी भत्ता 1000 रु प्रति माह दिया जाये, यह भत्ता प्रतिवर्ष बढ़ाया जाये।

अतिरिक्त प्रभार के हल्के का भत्ता

पटवारियों के लिए अतिरिक्त हल्के का प्रभार हेतु 250 रु निर्धारित है जबकि कार्य मूल हल्के के सामान ही किया जाता है, अतः नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए अतिरिक्त हल्के का मानदेय मूल वेतन का 50 प्रतिशत किया जाये।

पटवारी भर्ती हेतु योग्यता स्नातक किया जाये

पटवारी भर्ती नियम में 12वी परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ साथ कंप्यूटर आवश्यक किया गया है, वर्तमान में भुइयां एवं भू नक्शा सॉफ्टवेयर का संचालन जैसे तकनीकी कार्य साथ ही बढ़ते टेक्नोलॉजी के साथ आबादी सर्वे आदि कार्यो को देखते हुए पटवारियों की भर्ती नियम में आवश्यक संशोधन करते हुए न्यूनतम योग्यता स्नातक किया जाये।

मुख्यालय निवास की बाध्यता समाप्त हो

वर्तमान में हल्का मुख्यालय से तहसील या जिला मुख्यालय तक आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो चुकी है 7साथ ही हल्कों का आकार भी कम हो चूका है (एक हल्के में अधिकतम 2 पंचायत)7 साथ ही अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो चूका है जो इंटरनेट सुविधा युक्त जगह में ही संभव है, अतः पटवारियों के नियमावली में आवश्यक संशोधन करते हुए मुख्यालय निवास की बाध्यता को समाप्त किया जाये।

बिना विभागीय जाच के एफआईआर दर्ज न हो

पटवारियों के द्वारा कार्य सम्पादन करते समय यदि लिपिकीय त्रुटी या इसके अतिरिक्त कागजात संधारण करने में कोई भूल हो जाये ऐसी स्थिति में विभागीय जाच उपरांत ही एफआईआर की कार्यवाही होनी चाहिए, शासन से स्पष्ट निर्देश जारी हो की जब तक विभागीय जाच पूर्ण न हो जाये तब तक प्रारम्भिक एफ आई आर दर्ज न हो।

नविन जिले एमसीबी के सुलेमान बने स्वास्थ्य विभाग में डीपीएम

- संवाददाता -
एमसीबी/चिरमिरी 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया एवं एमसीबी जिले मुलतः चिरमिरी के निवासी सुलेमान खान को मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के द्वारा नवीन जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के डीपीएम का प्रभार सौपा गया है ।

सुलेमान खान के बारे मे बता दे कि यह अविभाजित कोरिया जिले के नगर निगम, शहरी स्वास्थ्य, समुदयिक स्वास्थ्य केंद्र मनेन्द्रगढ़ एवं कई सारे निजी क्षेत्र मे अपनी सेवाएं दे चुके है, विभिन्न विभागों मे कार्य करने से इन्हे काफी अनुभव है, जिसका लाभ अब स्वास्थ्य के क्षेत्र मे देखने को मिलेगा, इन्हे जिला कार्यक्रम प्रबंधक बनाये जाने से स्वास्थ्य विभाग के सम्पूर्ण कर्मचारियों के अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है । ये एक अच्छे अधिकारी होने के साथ साथ सभी प्रकार के खेलों मे उत्कृष्ठ खिलाडी भी रहे है, इन्हे खेल व अपने सरल व्यवहार के कारण कोरिया, एमसीबी व आस पास के जिलों मे पहचाना जाता है । ये निरंतर सामाजिक कार्यो मे भी लिप्त रहते है, स्वास्थ्यं क्षेत्र से जुड़े होने के कारण कभी भी रात बिरात अस्पताल पहुंच कर सहयोग करते रहते है । चिरमिरी क्षेत्र मे युवाओ क प्रेरणा श्रोत माने जाते है, जैसे ही इन्हे प्रभारी डीपीएम बनाये जाने की खबर सोसल मिडिया मे बधाई मिलने लगी, जिससे इनकी अच्छी फैन फोल्लोइंग नज़र आयी। श्री सुलेमान खान के कार्यो को शुरू से ही सभी के द्वारा सराहना की गई है । श्री सुलेमान खान से आशा है कि वह दिए गए दायित्व जिला कार्यक्रम प्रबंधक के पद का निर्वहन अपने पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करेंगे एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरे राज्य में नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर का नाम रोशन करेंगे।

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति जिला कोरबा

- संवाददाता -
कोरबा,18 मई 2023
(घटती-घटना)।

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला कोरबा (छ.ग.) के विज्ञापन क्रमांक/ अंग्रेजी माध्यम/ संविदा नियुक्ति/2023-24/771 कोरबा दिनांक 08.05.2023 के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तिलकेजा, जमनीपाली, कुसमुंडा, दीपिका, गोपालपुर जिला कोरबा (छ.ग.) हेतु संविदा आधार पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला- कोरबा (छ.ग.) के संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक/सेजस/ प्रेस विज्ञप्ति 2023-24 / 962 कोरबा, दिनांक 15.05.23 के द्वारा प्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं द्य माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा अनुरूप उन्नयीत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दीपिका में जिसमें अंग्रेजी माध्यम के पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

भूस्खलन से 80 फीट नीचे फंसे कर्मचारी को सीआईएसएफ संग एनडीआरएफ टीम ने निकाला सुरक्षित

- संवाददाता -
कोरबा, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोल इंडिया के सबसे बड़े कॉल उत्खनन कंपनी एसईसीएल के गेवरा परियोजना में सीआईएसएफ के इकाई स्तर की गेवरा टीम द्वारा मेगा मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य इस दौरान सीआईएसएफ, एसडीआरएफ सहित एनडीआरएफ, एनसीसी स्काउट गाइड की टीम ने मेगा मॉकड्रिल में भाग लिया। जिसके अंतर्गत इन टीमों द्वारा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत अपातकालीन परिस्थिति जैसे आग, तोड़ फोड़ ,भूस्खलन की स्थिति निर्मित होने पर किस प्रकार से उस पर काबू पाया जाता है मॉक ड्रिल के माध्यम से जानकारी दी गई द्य इस मल्टीएजेंसी मॉक ड्रिल जो की सीआईएसएफ द्वारा आयोजित किया गया को चार अधिकारी और 117 सीआईएसएफ के जवानों ने भाग लेकर पूरा किया।जिसमे 15 सदस्य एसडीआरएफ, 06 सदस्य एसईसीएल फायर सर्विसेज के,04 सदस्य एसईसीएल सेफ्टी डिपार्टमेंट के,03 सदस्य एसईसीएल सिक्योरिटी के,12 जवान पुलिस के,05 सदस्य एनसीएच हस्पताल गेवरा,20 सदस्य स्काउट गाइड के,02 सदस्य नेहरू युवा संगठन के,07 सदस्य चरोमेती फाउंडेशन दीपका (एनजीओ)के इस आपदा मॉक ड्रिल में भाग लिया।इस दौरान गेवरा परियोजना महाप्रबंधक श्री एस पी भाटी,श्री तुलसीदास पीतामणि ,एरिया सेफ्टी अधिकारी श्री एससी त्रिपाठी,श्री अरुण जय कुमार,सिक्योरिटी ऑफिसर मेजर कृपाल सिंह,श्रीमती भूपेंद्र कुमारी बंजारे तहसीलदार दीपका,प्रसंत महतो (चरोमती फाउंडेशन), श्रीमती आशालता कौशिक (स्काउट गाइड),सीआईएसएफ कमांडेंट श्री भास्कर कुमार, डेप्युटी कमांडेंट मलकीत सिंह,असिटेंट कमांडेंट पी अक्षय शिवाजी, असिटेंट कमांडेंट जसपाल सिंह,इंस्पेक्टर प्रशांत सहित अन्य सीआईएसएफ के अधिकारी, जवान, एसईसीएल के कर्मचारी के मौजूदगी में यह कार्यक्रम को पूरा किया गया द्य इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने अस्सी फीट नीचे भूस्खलन में फंसे व्यक्ति को बचाने का भी मॉक ड्रिल किया जिसमे एनडीआरएफ के दो सदस्यों ने जान को जोखिम में डालकर रस्सी के सहारे किस तरह से आपदा में फसें लोगों को कठिनाइयों से बचाया जाता है इसके बारे में साक्षात ड्रिल के द्वारा बताया। कार्यक्रम के अंत में गेवरा परियोजना महाप्रबंधक एसपी भाटी ने कहा के सीआईएसएफ द्वारा किया गया मेगा मॉक ड्रिल अत्यंत सरहणीय रहा एवं इस किए गए ड्रिल के माध्यम से अप्तकालीन आपदा आने पर सीआईएसएफ की टीम किस तरह से आपातकालीन परिस्थितियों पर काबू पाएगा उसकी भी जानकारी प्रबंधन को प्राप्त हुई जिससे आने वाले समय में इसका लाभ प्रबंधन को मिलेगा इसके लिए उन्होंने पूरी टीम का धन्यवाद किया। डेप्युटी कमांडेंट श्री जसपाल सिंह ने इस मॉकड्रिल में भाग लेने वाले सभी विभागों के टीम को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी एव वहां मौजूद दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया साथ ही एनडीआरएफ के अधिकारी श्री एस एस सुमन सहित टीम के 28 सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भागीदारी निभाई । मेगा मॉक ड्रिल का संचालन डेप्युटी कमांडेंट पी अक्षय शिवाजी के देखरेख में पूरा किया गया।

रीपा ने महिलाओं के लिए खोली आत्मनिर्भरता की राह

» सब्जियों का बढ़ गया है स्वाद, इनके मसालों की दुकानों में बढ़ रही धाक

- संवाददाता -
कोरबा, 18 मई 2023 (घटती-घटना)।

पोड़ीउपरोड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत यह गांव है कापूबहरा...कुछ साल पहले इस गांव की महिलाओं के पास कोई काम नहीं था। हाथों में काम नहीं होने से उन्हें पैसों की कमी तो बनी ही रहती थी, उनके पास आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का भी कोई रास्ता नहीं था। अब ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना से जुड़ने के साथ छोटे-छोटे प्रसंस्करण ईकाइयों के जरिए वे आजीविका गतिविधियों को अंजाम दें रही है। सुबह से शाम तक रीपा में आकर हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर और मसाला तैयार कर पैकेटों में भरकर दुकानों में सप्लाई करती है। इनके द्वारा तैयार हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर और मसालें न सिर्फ बाजार में धाक जमाने की राह में हैं, अपितु घरों की सब्जियों की स्वाद बढ़ाने के साथ उनकी आमदनी में भी इजाफा कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जब ग्राम सुराजी योजना से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने नरवा, गरवा, घुरवा, बारी जैसी योजनाएं शुरू की और गांव-गांव गौठान बनाकर आसपास ही ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की बुनियाद रखना प्रारंभ किया तो ग्राम कापूबहरा का चयन रीपा के लिए किया गया। रीपा में चयन होने के साथ ही यहां अगरबत्ती बनाने, कपूर निर्माण, दोना पत्तल, पेपर बैग निर्माण और मसाला, हल्दी, धनिया पाउडर सहित अन्य आजीविका गतिविधियां संचालित करने प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की गई। गांव की महिलाओं को, युवा बेरोजगारों को समूह के माध्यम से इन गतिविधियों में जोड़ा गया और प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर निर्माण विधि, पैकेजिंग आदि सिखाई गई। परिणामस्वरूप गांव की ये महिलाएं हुनर सीखने के साथ आत्मनिर्भर की राह में आगे बढ़ रही है। रीपा से जुड़ी सूर्या स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मसाला बनाने के साथ, हल्दी, मिर्च, धनिया पाऊडर तैयार करने और उसे पैकेट बनाकर बाजार में बेचने के लिए अपनी राह चुनी। समूह की अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी बाई ने बताया कि उनके समूह में गांव की 10 महिलाएं जुड़ी है। कोरबा जिले में 10 महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) विकासखण्ड करतला के जमनीपाली एवं कोटमेर, कटघोरा के अरदा और रंजना, पोड़ी-उपरोड़ा के सेमरा और कापूबहरा, पाली के केराझरिया और नोनबिर्रा एवं विकासखण्ड कोरबा के पहंदा और चिर्रा का लोकार्पण किया गया। यहाँ 60 गतिविधियों को संचालन किया जाएगा। जिसमें 356 हितग्राही लाभान्वित होंगे।

मंत्री अमरजीत भगत ने बाजार भ्रमण कर सुनी लोगो की समस्याएं,छत्तीसगढ़िया स्टाइल में लेते दिखे सब्जी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश खाद्य मंत्री अमरजीत भगत अपने विधानसभा सीतापुर के दौरे पर हैं. यहां वह अपने अस्थायी निवास में लगातार चौपाल लगाकर लोगों की समस्याए सुन रहे हैं.

मंत्री अमरजीत भगत अपने विधानसभा के इस दौरे में अपने आवास पर जन चौपाल लगा कर लोगों की समस्या सुन रहे हैं. इतना ही नहीं इस दौरान वो चौपाल में मौजूद अधिकारियों को फरियादियों और क्षेत्र की समस्याओं को तत्काल निपटाने के निर्देश भी दे रहे हैं. जन चौपाल में लोगों की समस्या सुनने के बाद खाद्यमंत्री अमरजीत भगत स्थानीय नेताओं और पूरे लाव लश्कर के साथ पैदल साप्ताहिक बाजार पहुंच गए. बाजार में लोगों से मिलते हुए उन्होंने ठेठ देहाती स्टाइल में घुटनों के बल बैठकर सब्जी खरीदी. बादे वे अपने काफिले के साथ काराबेल गांव के लिए रवाना हो गए, यहां वह तीन दिवसीय आशीष प्रार्थना महोत्सव होंगे।.

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया मोबाइल वितरित

» राज्य शासन द्वारा मोबाइल वितरण के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति और पोषण होगा ऑनलाइन दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2023 (घटती-घटना)।

खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत की गरिमामय उपस्थिति में गुरुवार को विकासखंड बतौली में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी 280 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल का वितरण किया गया। जिले में संचालित समस्त 2466 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं के लिए राज्य शासन की ओर से एंड्रॉयड मोबाइल प्रदान किया जा रहा है। इस मोबाइल के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों एवं बच्चों के पोषण, उनके वजन एवं उनकी अनौपचारिक शिक्षा तथा महिलाओं के पोषण एवं वजन की जानकारी ऑनलाइन भरी जाएगी। जिससे विभागीय गतिविधियों का समयावधि में ही संचालन एवं रिपोर्टिंग और निरीक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। इसी क्रम में आज खाद्य मंत्री भगत के द्वारा बतौली परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एंड्राइड मोबाइल प्रदान किया गया। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अब हर महीने मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। शासन की ओर से राशि दी जाएगी जिससे अपना मोबाइल रिचार्ज करने का कोई भार कार्यकर्ता पर नहीं आएगा। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्र में प्रतिदिन उपस्थित होने वाले बच्चों की उपस्थिति, उनको दिए जाने वाले पोषण आहार, उनके लिए जाने वाले वजन की जानकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रतिदिन भरनी होगी। इसके अलावा अन्य मासिक जानकारियां भी सॉफ्टवेयर के माध्यम से भरेंगे।

इसके साथ ही खाद्य मंत्री भगत ने ग्राम बड़ादमाली बैगापारा में खिरखिरी रोड और विद्युत विस्तार का भी निरीक्षण किया। ग्राम कुम्हरता से ग्राम करमहा सड़क निरीक्षण, ग्राम करमहा से पीएमजीएसवाई सड़क नवानगर-कालीपुर (परसापाली-पोड़ीकला) का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दो बाइकों में जबरदस्त भिड़ंत,एक नाबालिग की मौत,चार गंभीर

- संवाददाता -
कोरबा,18 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिले में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा जिसमे एक नाबालिग युवक की मौत हो गई जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है । घटना बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत सतनाम नगर मोड़ के पास हुई । जानकारी के मुताबिक बालको थाना क्षेत्र सतनाम नगर मोड़ के पास एक बाइक में नाबालिग समेत तीन सवार थे। वहीं दूसरी बाइक में दो युवक सवार थे।इस दौरान दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में नाबालिग पीछे से आ रहे ट्रेलर के पहिये के नीचे आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 04 अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना में घायलों को 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका उपचार जारी है।

जिले में नहीं लग पा रहा रेत तस्करों पर लगाम

- राजा मुखर्जी -
कोरबा,18 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रेत तस्करों के अवैध कारोबार पर लगाम नहीं लग पा रहा या यूं कहे की विभाग लगाना नही चाहता । दिन प्रतिदिन तस्करों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं के वे अब रात के अंधेरे के साथ साथ दिन के उजाले में भी खुलेआम विभिन्न मुख्य चौक चौराहों,मुख्य मार्गों पर अवैध रेत परिवहन करते देखे जा सकते है । ऐसा नहीं की संबंधित विभाग ने इन रेत तस्करों पर कार्यवाही नही की पर वह कार्यवाही सिर्फ संख्याओं में उलझ कर रह गई है।हकीकत कुछ और ही बयां कर रहा है जिसके चलते प्रशासनिक कार्यवाही के बाद भी बेखौफ होकर रेत के अवैध कारोबार को धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। कोरबा मुख्यालय से लगे नगर पालिक निगम कोरबा के दुरपा बस्ती अंतर्गत बरमपुर हसदेव नदी तट घाट से रेत तस्करों द्वारा हसदेव नदी से बिना रेत घाट स्वीकृति के कई महीनों से लगातार तस्करों द्वारा भारी भरकम मशीनों , ट्रैक्टर एवं मिनी ट्रकों द्वारा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन बिना रॉयल्टी के किया जा रहा है। बता दें के कुछ समय पूर्व शहर में अवैध रेत परिवहन के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी जिसपर प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद जिले के कलेक्टर अवैध रेत खनन एवं परवाहन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे जिसपर सिर्फ सप्ताह भर का पालन

होते हुए अवैध कारोबार पर लगाम लगा रहा तत्पश्चात दोबारा रेत माफियाओं ने हसदेव नदी को छलनी कर अवैध रेत के तस्करी में उतारू हो गए है द्य इतना ही नहीं रेत माफियाओं ने नायाब तरीका अपनाते हुए प्रशासन को चकमा देने के लिए

बिना नंबरों के एक ही कलर में दर्जनों ट्रैक्टर एवं मिनी ट्रकों के जरिए दिन-रात रेत का अवैध कारोबार कर रहें है। वही बस्ती के अंदर जगह जगह रेत के अवैध डंपिंग यार्ड भी बनाए गए जहां से रात दिन मशीनों के माध्यम से ट्रैक्टर एवं मिनी ट्रकों के माध्यम से रेत की तस्करी की जा रही है तो वही वार्डों में बनी करोड़ों की सीसी रोड भी अवैध रेत परिवहन की भेंट चढ़ रहा हैं ,जिसका आक्रोश स्थानीय लोगों में देखा जा रहा है लेकिन दबंग तस्करों के आगे बस्ती वाले इस अवैध रेत तस्करी का विरोध भी नहीं कर पा रहे वही मामले को लेकर स्थानीय पार्षद की मौन स्वीकृति भी देखने को मिल रही साथ ही जिले के किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा रेत तस्करी जैसे संवेदनशील मामले में कोई प्रतिक्रिया भी देखने को नहीं मिल रहा जो जिलेवासियों के लिए एक सोच का विषय बनने लगा है क्योंकि आगामी कुछ महीनों बाद चुनाव होना है और यह अवैध रेत तस्करी कहीं चुनाव पर भारी न पड़ जाए।

बाईक न्यायालय परिसर से पार

- संवाददाता -
सूरजपुर,18 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली थाना के समीप न्यायालय परिसर में खड़ी की गई मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 16 सी एच 9412 चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। उक्ताशय की रिपोर्ट पीड़ित मोटरसाइकिल चालक अनुराग कुमार पिता आदित्य कुमार निवासी ग्राम तरगवां जिला कोरिया निवासी ने कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। चोरी का शिकार अनुराग कुमार जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता लिपिक का कार्य करता है। उसने विगत 9 मई को न्यायालय परिसर में अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मोटरसाइकिल चोरी का अपराध दर्ज कर लिया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर, जिला सरगुजा,छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज अग्रवाल आ0 शिवनाराण अग्रवाल निवासी ग्राम बेलखरिखा तहसील लखनपुर, जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बेलखरिखा तहसील लखनपुर जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 985/2 रकबा 0.097 हे0 भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपित्त हो, तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्र दिवस के भीतर इस न्यायालय में सवयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-मानपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सोनाक्षी दुबे पति अभिनव दुबे, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम-मानपुर,तह0-सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा उनके आधिपत्य एवं स्वत्व की भूमि ग्राम मानपुर प0ह0नं0 13 रा0नि0मं0 सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर,छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 760/17 रकबा 0.021 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30/05/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/05/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यवर्तन,सूरजपुर

न्यायाल अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-नेवरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कमलेश प्रसाद गुप्ता पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता जाति सोंडी निवासी ग्राम नेवरा पोस्ट बसदेई तहसील व जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा उनके आधिपत्य एवं स्वत्व की भूमि ग्राम नेवरा प0ह0नं0 02 रा0नि0मं0 सूरजपुर तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 910/2 रकबा 0.040 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 25/05/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/05/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यवर्तन,सूरजपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांति वैश्य पत्नी दिनेश वैश्य जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम/नगर प्रतापपुर रोड परीड़ा नर्सिंग होम के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम असोला तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 402/5, रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1,खसरा, नक्शा रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपित्त हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 01/06/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपतित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202305021200033 /ब-121/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक इमरान कुरैशी आ0 अब्दुल जब्बार कुरेशी एवं अन्य-05 जिसमे से आवेदक क्रमांक-4,5,6 नबालिक वली माता शाजिया कुरैशी सभी निवासी ग्राम कौवाडांड़ (मायापुर) अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला न्यू महामाया रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1495, 1496, 1500/4 रकबा क्रमशः 0.04, 0.03, 0.15 1/2 एकड़ः भूमि को शबनम कुरैशी आ0 उमर कुरैशी एवं 01 अन्य निवासी मीठानगर बी0एम0सी0 स्कूल के पीछे मुम्बई (महाराष्ट्र) द्वारा मुख्तार आम सलीम कुरैशी आ0 उमर कुरैशी निवासी मोहल्ला मायापुर गुरूद्वारा वार्ड अम्बिकापुर के पास रूपये- 40,00,000-00 में विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश की है।ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 07/06/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला सरगुजा,छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-6-अ /2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश आ0 स्व0 लोचन, व अन्य 04, जाति रजवार, निवासी ग्राम कुल्हाड़ी, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम कुल्हाड़ी में खसरा नंबर 34/3, 203/5, 203/9, 204/3 स्थित है। जिसमें से खसरा नंबर 203/9 का रकबा त्रुटिवश 0.044 हे0 दर्ज हो गया है, जबकि सही रकबा 0.119 हे0 है। आवेदकगण द्वारा राजस्व अभिलेखों में खसरा नंबर 203/9 का रकबा सुधार कर 0.119 हे0 दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपित्त हो, तो पेशी दिनांक 14/06/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपतित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

पाकिस्तान की उम्मीदों पर फिरा पानी

बीसीसीआई ने किया साफ,द्विपक्षीय सीरीज खेलने का भारत का नहीं है कोई प्लान

नई दिल्ली,18 मई 2023। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी ने तीन तटस्थ स्थानों का नाम दिया है जो एक टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान और भारत की मेजबानी कर सकते हैं। पाकिस्तान मीडिया ने आज खबर दी कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने तटस्थ स्थान पर संभावित पाकिस्तान-भारत टेस्ट सीरीज को हरी झंडी दे दी है। अब इसी को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की तरफ से भी एक बयान सामने आया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने साफ तौर पर कहा है कि भविष्य में आने वाले दिनों में इस तरह की किसी भी सीरीज की योजना फिलहाल नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह के द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के लिए तैयार नहीं है।

दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला 2012 से नहीं हुई है। दोनों देशों के रिश्तो में कड़वाहट की वजह से क्रिकेट संबंधों पर भी इसका असर पड़ता है। दोनों ही टीमें आईसीसी या बड़े टूर्नामेंटों में आमने-सामने होती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले शानदार होते हैं। लोगों की उत्सुकता भी देखने को मिलती है। रेवेन्यू के लिहाज से भी भारत पाकिस्तान के मुकाबले को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इन सबके बीच एशिया कप को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच कड़वाहट लगातार जारी है। एशिया कप की मेजबानी है इस बार पाकिस्तान को मिली थी। लेकिन भारत ने पाकिस्तान जाने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है। भारत का कहना है कि वह सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रहा है।

भारत के इस कदम का लंका और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी समर्थन किया है। यही कारण है कि पाकिस्तान के हाथों से एशिया कप की मेजबानी छिटकती हुई दिखाई दे रही है। इसकी वजह से पाकिस्तान पूरी तरीके से बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने तो यहां तक कह दिया कि अगर इस साल भारत पाकिस्तान का दौरा नहीं करता है तो हम भी विश्वकप के लिए भारत नहीं आएंगे। दरअसल भारत इस साल 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। भारत में इसकी तैयारियां फिलहाल जोरों पर है। एशिया कप को लेकर पाकिस्तान की ओर से एक हाइब्रिड फार्मूला भी दिया गया था। इसमें कहा गया था कि भारत के मुकाबले किसी अन्य तथस्ट देश में खेले जाएंगे बाकी के सारे मुकाबले पाकिस्तान में होंगे। लेकिन इस पर बात नहीं बन सकी।पाकिस्तान मीडिया ने आज खबर दी कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने तटस्थ स्थान पर संभावित पाकिस्तान-भारत टेस्ट सीरीज को हरी झंडी दे दी है।

भारत पुरुष और महिला रिकर्व टीम स्पर्धाओं से बाहर

शंघाई ,18 मई 2023। भारत की पुरुष रिकर्व टीम गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारकर तीरंदाजी विश्वकप से बाहर हो गई। भारत के धीरज बोम्मादेवरा, अतनु दास और नीरज चौहान की तिकड़ी को ली वू सोक, किम जे देओक और किम वूजिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0-6 (54-55, 56-57, 54-59) से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने चीनी ताइपे पर 5-3 (57-57, 56-58, 57-56, 58-51) से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। टीम क्वालीफिकेशन में चौथी वरीयता हासिल करने वाली सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला टीम ने पहले दौर में ही निराशाजनक प्रदर्शन किया और वह अपने से कम रैंकिंग वाली इंडोनेशिया की टीम से 1-5 (54-57, 57-57, 50-52) से हार गई।रिकर्व टीम स्पर्धाओं में भारत की उम्मीद अब धीरज बोम्मादेवरा और सिमरनजीत कौर की मिश्रित जोड़ी पर टिकी होंगी। क्वालीफायर में पांचवें स्थान पर रहने के कारण उन्हें दूसरे दौर (प्री क्वार्टर फाइनल) में बाई मिली है।

श्रीलंका के क्रिकेटर गुणतिलका को मिली राहत

» यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोप वापस लिए गए

सिडनी,18 मई 2023। श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोपों को गुरुवार को वापस ले लिया गया। गुणतिलका पर पिछले साल एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था। गुणतिलका पर चार बार बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए गए थे जिसके बाद सिडनी पुलिस ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी को नवंबर में टी20 विश्व कप के दौरान टीम के होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत में तीन आरोप वापस ले लिए।

पुलिस के अनुसार श्रीलंका का यह बल्लेबाज और 29 वर्षीय महिला एक 'डेटिंग ऐप' के जरिए एक दूसरे के संपर्क में आए थे। एक दूसरे से मिलने के बाद वह दोनों महिला के सिडनी स्थित आवास पर पहुंचे जहां गुणतिलका ने कथित तौर पर महिला का गला दबाया और उनके साथ बलात्कार किया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार,'' सरकारी वकील ह्यूग बडिन ने अदालत को बताया कि एक आरोप प्रमाणित हुआ है जबकि बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के तीन आरोपों को वापस ले लिया गया है।''

गुणतिलका पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान श्रीलंका की टीम के सदस्य थे। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ पहला मैच खेला था लेकिन इसके बाद चोटिल होने के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। गुणतिलका ने श्रीलंका की तरफ से आठ टेस्ट, 45 एक दिवसीय और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

रियाल मैड्रिड को करारी शिकस्त देकर मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग के फाइनल में

मैनचेस्टर ,18 मई 2023। बर्नार्डो सिल्वा के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबरी पर छूटा था और ऐसे में दूसरा चरण निर्णायक बन गया था जिसमें शुरू से लेकर आखिर तक मैनचेस्टर सिटी का दबदबा रहा। रियाल मैड्रिड ने बेहद खराब खेल दिखाया और अगर गोलकीपर थिबॉट कौरटोइस ने कुछ अच्छे बचाव नहीं किए होते तो 14 बार का चैंपियन इससे भी बड़े अंतर से हार सकता था।

सिटी की तरफ से सिल्वा ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए जबकि एडर मिलिटाओ ने दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने इंजरी टाइम में चौथा गोल करके सिटी को सेमीफाइनल में ओवरऑल 5-1 से जीत दिलाई। इस जीत से सिटी तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं इंग्लिश प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और एफए कप के खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। चैंपियंस लीग के फाइनल में उसका सामना 10 जून को इस्तांबुल में इंटर मिलान से होगा। मैनचेस्टर सिटी रविवार को अगर चेल्सी के खिलाफ जीत दर्ज कर लेता है तो वह लगातार तीसरी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा। वह पहले ही एफए कप के फाइनल में जगह बना चुका है जहां उसका सामना मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगा। यूनाइटेड इंग्लैंड की एकमात्र टीम है जिसने एक सत्र में तीनों प्रमुख खिताब जीते थे। उसने यह कारनामा 1999 में किया था।

सरकार ने एशियन गेम्स से पहले ओलंपियन नाविकों के लिए विदेश में प्रशिक्षण को मंजूरी दी

हांगझोऊ,18 मई 2023। नेत्रा कुमानन, विष्णु सरवनन, वरुण ठक्कर और केसी गणपति जैसे ओलंपिक में भाग ले चुके नौकायन खिलाड़ी इस साल के अंत में हांगझोऊ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए सितंबर तक विदेशों में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय द्वारा मई से सितंबर तक विदेश में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल चार खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद यह निर्णय लिया गया। नेत्रा इस दौरान सितंबर तक ग्रैन कैनरिया, स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी।

वह कील, जर्मनी (कील वीक), मार्सिले, फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा) और शेवेनिंगेन, नीदरलैंड्स (विश्व सेलिंग चैंपियनशिप) जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगी। इस दौरान विष्णु विभिन्न स्थानों (वेलेंशिया, मिलान, डबलिन, द हेग, क्रोएशिया और मुंबई) में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा में भाग लेगे। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ जाने से पहले यूरआईएलसीए यूरोपा कप, आईएलसीए ओपन एशियाई चैंपियनशिप, मार्सिले ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा और विश्व चैंपियनशिप (ओलंपिक क्वालीफायर) में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

वरुण और गणपति की टीम कील, जर्मनी (कील वीक), फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा), द हेग (विश्व चैम्पियनशिप) और चीन में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''सभी चार नाविकों के लिए कुल अनुमानित खर्च लगभग डेढ़ करोड़ रुपये होगा। इसमें विदेशी कोच (तीन) के अलावा नेत्रा और वरुण एवं गणपति के लिए उपकरण शामिल हैं।

राजस्थान रॉयल्स की होगी पंजाब किंग्स से भिडंत

धर्मशाला ,18 मई 2023। अभी तक के अपने उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन के कारण अगर-मगर की कठिन डगर में फंसी पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में खुद को एक दूसरे से बेहतर साबित करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम के 13 मैचों में समान 12 अंक हैं लेकिन राजस्थान की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पंजाब से आगे है। इन दोनों टीम को हालांकि इस मैच में जीत दर्ज करने के अलावा बाकी टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम के लिए प्रार्थना करनी होगी। पंजाब की टीम फिर से महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही।

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ 20 और 21 मई को खेलेगी

नई दिल्ली,18 मई 2023। भारतीय महिला हॉकी टीम यहां शुरू होने वाले पांच मैचों के दौरे पर यहां दुनिया की तीसरे नंबर की टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशियाई खेलों की अपनी तैयारियों की शुरुआत करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। भारतीय टीम पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ 20 और 21 मई को खेलेंगे। टीम इसके बाद 25 और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया 'ए' का सामना करेगी। अनुभवी गोलकीपर सविता की अगुवाई में आठवीं रैंकिंग की टीम इस दौर पर खुद को आंकने का कोशिश करेगी।टीम को इस दौरे से पता चलेगा कि इस साल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। एशियाई खेलों से टीम के पास पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका होगा। स्थानीय परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के लिए भारतीय टीम चार दिन पहले ही एडिलेड पहुंच गई थी। सविता ने कहा, '' हम रोजाना शाम में दुधिया रोशनी में भी अभ्यास कर रहे हैं ताकि टीम एडिलेड में मैदान और हालात से वाकिफ हो सके क्योंकि हमारे मैच शाम को होने वाले हैं।''भारतीय महिला टीम ने तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता टीम को 1-0 से शिकस्त दी थी। दोनों टीमें इसके बाद 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में एक-दूसरे से भिड़ी। बर्मिंघम खेलों का यह मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक खींचा था, जिसम ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। भारतीय टीम की मुख्य को यानेक शॉपमैन ने कहा, '' खिलाड़ी उत्साहित हैं और ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। यहां का मौसम काफी अच्छा है। हम अच्छा महसूस कर रहे हैं। हमने पिछले कुछ सप्ताह में जो मेहनत की है उसका आकलन करने के लिए तैयार है।

एटीके मोहन बागान एक जून से मोहन बागान सुपर जायंट्स कहलायेगा

कोलकाता,18 मई 2023। मोहन बागान के हितधारकों ने प्रशंसकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर घोषणा की कि वे शहर के 133 साल पुराने इस दिग्गज फुटबॉल क्लब के नाम से एटीके उपसर्ग हटा देंगे। यह क्लब मुख्य रूप से आरपी संजीव गोयनका (आरपीएसजी) समूह के स्वामित्व में है। एक जून से इसे मोहन बागान सुपर जायंट्स के नाम से जाना जाएगा। गोयनका समूह ने इस मामले में अपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी का अनुसरण किया है। इस फ्रेंचाइजी की आईपीएल टीम का नाम लखनऊ सुपर जायंट्स है। उनकी पिछली आईपीएल टीम को पुणे सुपर जायंट्स के नाम से जाना जाता था

मोहन बागान क्लब ने बताया, '' आज हुई बोर्ड बैठक के बाद, क्लब का नाम एक जून 2023 से मोहन बागान सुपर जायंट्स (एमबीएसजी) होगा।' एटीके मोहन बागान ने इस साल मार्च में पेनल्टी शूटआउट में पूर्व चैंपियन बेंगलुरु एफसी पर 4-3 से जीत के साथ इस सत्र में अपना पहला इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जीता था। आईएसएल चैम्पियन बनने के बाद गोयनका ने कहा था कि टीम एटीके उपसर्ग को हटा देगी। उन्होंने हालांकि तब इसके लिए किसी तारीख की घोषणा नहीं की थी। दो बार की चैम्पियन एटीके को पहले मैड्रिड स्थित स्पेन की दिग्गज क्लब की साझेदारी के कारण एटलेटिको डी कोलकाता के रूप में जाना जाता था।

एटलेटिको मैड्रिड ने हालांकि तीन साल के बाद अपनी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी आरपीएसजी समूह को बेच दी। इसके बाद से इस टीम को एटीके के नाम से जाना जाता था। आरपीएसजी समूह ने 2020-21 सत्र से पहले मोहन बागान में बहुलांश (80 प्रतिशत) हिस्सेदारी खरीद कर दोनों क्लब का विलय कर दिया था। एक जून 2020 से एटीके मोहन बागान अस्तित्व में आया था। प्रशंसकों को हालांकि यह नाम पसंद नहीं आया था और टीम जब भी साल्ट लेक स्टेडियम में खेलती थी तब वे बैनर लेकर एटीके नाम हटाने की मांग करते थे।

फाइटर: ऋतिक से कमतर नहीं है दीपिका की भूमिका बनेंगी वायुसेना अधिकारी

पठान की सफलता का जश्न मनाने वाले निर्देशक सिद्धार्थ आनंद फिलहाल फाइटर की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। ऋतिक और दीपिका दोनों पहली बार किसी फिल्म के लिए एक साथ आ रहे हैं। इन दोनों को परदे पर एक साथ देखने के लिए दर्शकों का उत्साह चरम पर जिसे इंटरनेट पर सर्चिंग के दौरान साफ देखा जा सकता है। ऋतिक फाइटर में पैटी का किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में एक मीडिया हाउस के साथ बातचीत करते हुए सिद्धार्थ आनन्द ने फाइटर में दीपिका पादुकोण के किरदार को लेकर बातचीत की, जिसमें उन्होंने बताया, मैं हमेशा यह कहता हूं, कि मेरे महिला अंग वास्तव में मजबूत हैं, और बहुत ही रोमांचक हैं। फाइटर में भी दीपिका एयरफोर्स ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं। वह इकाई का हिस्सा है, वायु सेना की कुलीन इकाई है, और यह बहुत सारी वास्तविकता और प्रामाणिकता पर आधारित है। तो यह कुछ ऐसा है जिसे दीपिका ने पहले नहीं निभाया है। उसने सचमुच इसमें काट लिया है और ईमानदारी से कहूं तो यह वास्तविक जीवन में उसके जैसा है।

उन्होंने कहा कि सेट पर दीपिका के साथ काम करना मजेदार है। दीपिका सेट पर काफी मस्ती करती हैं। और, वह उस चरित्र को ऋतिक के चरित्र के लिए एक वास्तविक अच्छे प्रतियोगी (प्रतियोगिता) के रूप में अनुवादित कर रही है। तो यह बहुत ही रोमांचक है। इस फिल्म की शूटिंग देश भर में कई चरणों में की जा रही है। टीम ने हाल ही में फाइटर का कश्मीर शेड्यूल पूरा किया है।इस बीच, सिद्धार्थ आनंद अपनी पिछली रिलीज पठान की महिमा का आनंद ले रहे हैं, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने सिनेमाघरों में लगभग 50 दिन बिताए हैं और दुनिया भर में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

मिस रीटा बन मस्तराम के होश उड़ा चुकी है केनिशा

वेब सीरिज 'मस्तराम', 'हंसमुख' और 'रक्तांचल' में नजर आ चुकी एक्ट्रेस केनिशा अवस्थी को उनके बोल्ड अंदाज के लिए जाना जाता है। केनिशा अवस्थी ने मस्तराम के एक एपिसोड में ग्लैमरस और बोल्ड टीचर मिस रीटा का किरदार निभाया था। इस रोल में केनिशा ने बोल्डनेस की सारी हदें पार करते हुए एक्टर राजाराम यानी अंशुमान झा के साथ बेहद इंटीमेट सीन्स दिए थे। केनिशा अब एक बार फिर बोल्ड अवतार में नजर आने वाली हैं। केनिशा अवस्थी जल्द ही अपकमिंग वेब सीरीज 'द कैंसर बिच' में नजर आने वाली हैं। इसके डायरेक्टर बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर विकास बहल हैं। इस सीरिज में लीड किरदार गुल पनाग ने निभाया है। उनके अलावा वैभव राज गुप्ता, नम्रता शाह, समृद्धि दीवान, इशिता अर्जुन और नवीन बावा ने भी काम किया है। अपने रोल को लेकर केनिशा ने एक इंटरव्यू में कहा था- मैं इस सीरिज का हिस्सा बनकर बेहद खुश और खुद को सम्मानित और सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं। विकास बहल लाजवाब डायरेक्टर और इंसान हैं। मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग का अनुभव गजब का रहा है। बता दें कि केनिशा अवस्थी मशहूर बॉलीवुड सिंगर सपना अवस्थी की बेटी हैं। सपना अवस्थी ने परदेसी-परदेसी, छैंया-छैंया, बन्नो तेरी अंखिया सुरमेदानी जैसे मशहूर गाने गाए हैं। वहीं, उनकी बेटी अब एक्टिंग में किस्मत आजमा रही है। केनिशा अवस्थी पहली बार वेब सीरीज 'हंसमुख' में नजर आई थीं। इस सीरीज में उनके साथ वीर दास, रणवीर शौरी और रवि किशन जैसे एक्टर्स ने काम किया था। इसके बाद केनिशा अवस्थी को एमएक्स प्लेयर की सबसे बोल्ड वेब सीरीज मस्तराम में काम किया। इस सीरीज में उन्होंने टीचर मिस रीटा का रोल निभाया। इस किरदार में केनिशा ने बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दीं बता दें कि केनिशा अवस्थी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपने बायो में खुद को सिंगर, कम्पोजर, एक्टर और कंटेंट क्रिएटर बताया है। इंस्टाग्राम पर केनिशा के 8.4 लाख फॉलोअर्स हैं। वहीं, केनिशा 1491 लोगों को फॉलो करती हैं। केनिशा अवस्थी म्यूजिक एलबम 'जुनून' में भी नजर आ चुकी हैं। जुनून एक लव सॉन्ग है, जिसे खुद केनिशा ने ही गाया है। इस गाने के बोल और म्यूजिक भी केनिशा अवस्थी ने ही दिए हैं। केनिशा अवस्थी अपनी हॉट अदाओं के लिए सुर्खियों में रहती हैं।

सलमान खान के साथ बजरंगी भाईजान के सिक्वल में करीना कपूर नहीं,पूजा हेगड़े आएंगी नजर

सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान की रिलीज को लगभग 8 साल का समय होने जा रहा है। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और अब उन्हें इसके सीच्ल पवन पुत्र का इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से प्रशंसक सलमान को फिर से उसी भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं, वहीं अब फिल्म से जुड़ा अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि फिल्म में करीना कपूर नहीं, पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में होंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने फिल्म पवन पुत्र में पूजा को शामिल कर लिया है। दूसरे शब्दों में कहे तो फिल्म में वह करीना की जगह लेंगी। पूजा वही किरदार निभाएंगी या नहीं जो करीना ने पहली फिल्म में निभाया था, यह अभी पता नहीं चला है। दिलचस्प बात यह है कि सलमान की आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी पूजा मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं।

सलमान और करीना अभी तक 3 फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों की पहली फिल्म क्योंकि 2005 में आई और इसके बाद 2009 में वह मैं और मिसेज खन्ना में साथ नजर आए। आखिरी बार दोनों 2015 में बजरंगी भाईजान में दिखे थे।

यह थी बजरंगी भाईजान की कहानी

बजरंगी भाईजान एक पाकिस्तानी लड़की मुन्नी (हर्षाली मल्होत्रा) की कहानी है, जो भारत में अपनी मां से बिछड़ जाती है। इसके बाद बजरंगी (सलमान) मुन्नी से मिलता है और उसे पाकिस्तान में उसकी मां से मिलाने का जिम्मा उठा लेता है। फिल्म में दोनों के बीच एक खूबसूरत रिश्ता देखने को मिलता है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक पाकिस्तानी पत्रकार चांद नवाब की भूमिका निभाई थी, वहीं करीना रसिका पांडे के किरदार में नजर आई थीं।

फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित किसी का भाई किसी की जान अप्रैल में ईद पर यानी 21 तारीख को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म से शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इनके अलावा फिल्म में सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, राघव जुयाल, वीरेंद्र सिंह सहित कई सितारे शामिल हैं। फिल्म के अभी तक 2 गाने रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है।

मजबूत हुई कांग्रेस, गिले शिकवे दूर कर गई शैलजा

कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा की पार्टी के 8 दिग्गजों से हुई मीटिंग अचानक नहीं पूर्व निर्धारित था...

» चुनाव से पहले दिल का गुबार, मनमुटाव, तालमेल फिर सुलह करवाकर गईं सेलजा,

रायपुर, 18 मई 2023(ए)। कांग्रेस के आठ वरिष्ठ नेताओं के बीच मुख्यमंत्री निवास में हुई अकस्मात् बैठक किसी बदलाव के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस को आगामी विधानसभा के लिए एकजुट और मजबूत करने वाली रही। सिर्फ 8 लोगों को ही इस बैठक की खबर होने की वजह से पार्टी हलकों में कश्मकश थी। जिन्हें बैठक से लौटा दिया गया उन नेताओं ने भी रायता फैलाया और कांग्रेस प्रभारी की बैठक को बदलाव का संकेत समझकर हल्ला मचा दिया। हालांकि कुमारी सेलजा की यह बैठक 8 वरिष्ठों से पूर्व निर्धारित थीं।

दरअसल ये ख़ास बैठक 8 दिनों पूर्व ही तय कर ली गई थी। बैठक का मजमून और चंद वरिष्ठों के मन की बात सुनने के बाद सुश्री सेलजा ने प्रदेश के वरिष्ठों की ग्रुप 8 बैठक और स्थान तक तय किया था। बता दें की इस कथित औचक मीटिंग की रूप-रेखा मंत्री रविंद्र चौबे के यहां तय की गई थी। मज़े की बात यह कि बैठक तो हुई पर इसमें स्वास्थ्यगत कारणों से मंत्री चौबे ही गैरहाज़िर थे। स्थान भी बदलकर राजीव भवन की बजाये मुख्यमंत्री निवास होने से ज्यादा हल्ला मचा जो फ़िज़ूल था। यह कहना गलत न होगा कि बड़ी ही कुशलता से प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश कांग्रेस के सुपर 8 की बातें सुनीं और फौरी तौर पर आपसी मनमुटाव पे चर्चा का दौर ख़त्म कर आगामी विधानसभा से पूर्व कांग्रेस को और मजबूती की तरफ ले गेन।

तीन घंटे की बैठक में तीन समस्याएं हो गई दूर

आपसी मनमुटाव, दिल में भरा गुबार, आपसी ताल-मेल के अलावा मतभेदों पर खुलकर बोलने-सुनने दिया गया। इसके बाद सभी के तालमेल और सुलह पर प्रदेश प्रभारी

कुमारी सेलजा ने पिन पॉइंट में अपनी बातें रखीं और राष्ट्रीय नेतृत्व के विचारों से अवगत भी करा दिया। इनशार्ट लंबी चर्चा के बीच सभी को खुलकर बोलने दिया गया और फिर आपसी मतभेद दूर कर के एकजुटता के लिए सुलह करवाई गई। इस बैठक के बाद साफ है कि आपसी सुलह के बाद ईडी समेत बीजेपी का सामना मिलकर करने की रणनीति कांग्रेस प्रभारी ने बना ली है।

सिंहदेव भी थे इस अहम् बैठक की वजह

जानकारी के मुताबिक कर्नाटक चुनाव और फिर परिणाम के बाद व्यस्त नेताओं के दौरे के बाद बैठक होनी थी। लेकिन पता चला कि स्वास्थ्य मंत्री का विदेश दौरा है और सेलजा चाहती थीं की उनकी उपस्थित में ही बातें हों इसलिए भी सिंहदेव के दौरे से ऐन एक दिन पहले 8 दिग्गजों को एकसाथ बुलाया गई था। बैठक के पश्चात् ताम्रध्वज साहू काम बोले और जल्दी बैठक से निकल गए। मंत्री रूद्र गुरु आये जरूर पर उन्हें लौटा दिया गया। टीएस बैठक पूरी अटेंड किये और खुश होकर सीएम हाउस से मीठे आम की सौगात लेकर लौटे। कल उन्होंने सीएमभूपेश के दिए आम का स्वाद लिया और विदेश के लिए रावण हो गए। पीसीसी चीफ भी बहुत दिनों बाद सीएम हाउस गए और मुस्कुराकर लौटे।

सेलजा के कहने पर महंत रहे उपस्थित

प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा और स्पीकर चरणदास महंत लंबे समय से कांग्रेस की राजनीती में हैं। दोनों के बीच पार्टीगत रिश्ते भी काफी मजबूत हैं। सेलजा चाहती थीं की महंत भी इस बैठक में खासतौर पर रहें। इसलिए भी महंत की भूमिका पहले से ही तय थी और वह थी गुबार के बाद सुलह की। वैसे भी महंत सेलजा से पार्टी में सीनियर हैं और दोनों ही वरिष्ठता का सम्मान करते हैं। नतीजतन कोंग्रेसी नेता और मिडिया कयास लगते रहे और दोनों सीनियर लीडर्स ने सभी के बिच तालमेल स्थापित करने में कामयाब रहे।

इनकी रही बैठक में मौजूदगी

प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, वन एवं परिवहन मंत्री मो. अकबर, नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव डहरिया, मंत्री रविंद्र चौबे नहीं आये। मंत्री रूद्र गुरु और आबकारी मंत्री कवासी लखमा ख़ास बैठक में शामिल नहीं थे।

हर साल 25 मई को मनाया जाएगा झीरम श्रद्धांजलि दिवस

शासन ने जारी किया आदेश

रायपुर, 18 मई 2023(ए)। हर साल 25 मई को झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन ने आदेश जारी कर दिया है। शासन द्वारा जारी किए गए आदेश में लिखा है कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं इस हिंसा में शहीद हुए अन्य लोगों की याद में 25 मई को हर साल झीरम श्रद्धांजलि दिवस मनाया जाएगा।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 मई को सभी शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय कार्यालयों में शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया जाएगा।

रायपुर रेल मंडल में जल्द दौड़ेगी प्रथम थ्री फेज प्रणाली मेमू ट्रेन

रायपुर, 18 मई 2023(ए)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में जल्द ही प्रथम थ्री फेज प्रणाली की मेमू ट्रेन संचालित की जाएगी। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक ने मेमू कार शेड भिलाई पहुंचकर नए ट्रेन का निरीक्षण किया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि इस मेमू रैक का परिचालन शीघ्र यातायात में किया जाएगा। इसके चलते आम जनता को यात्रा में सुविधा प्राप्त होगी। यह मेमू रैक आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त है। इसमें पब्लिक अनाउसमेंट एवं डिस्प्ले सिस्टम, मोबाइल चार्जिंग प्लांट एवं सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। इससे यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सभी कोचों में बायो टॉयलेट सिस्टम उपलब्ध है इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इस नई तकनीकी के द्वारा गतिवृद्धि एवं ब्रेकिंग सरलता से होता है। इस रैक में रिजेनेटिव ब्रेकिंग के दौरान ऊर्जा उत्पन्न होता है जिसे ऊर्जा संग्रा भी होता है। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, मुख्य विद्युत इंजीनियर आरएस एंड जी आरके साहू, शशांक कोष्टा सहित रेलवे अफसर उपस्थित थे।

धमतरी में 23 सब इंजीनियरों को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

23 उप अभियंताओं ने धमतरी में ग्राम भटगांव में भेंट-मुलाकात के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर उनके प्रति आभार जताया

रायपुर, 18 मई 2023(ए)। प्रदेश सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विभिन्न पदों पर भर्तियों की जा रही है। जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को शासकीय सेवा के अवसर प्राप्त हुए है। जल संसाधन विभाग द्वारा भी 352 उप अभियंताओं की नियुक्ति हुई है।

मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

धमतरी में पदस्थ हुए 23 उप अभियंताओं ने धमतरी में ग्राम भटगांव में भेंट-मुलाकात के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। युवाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विभाग में नियुक्ति होने से युवाओं का हौसला बढ़ा है और वे सभी मन लगाकर बढ़िया कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने भी युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल संसाधन विभाग खेती-किसानी और आम-आदमी की पानी जैसी बुनियादी जरूरतों से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ के परिदृश्य को देखते हुए इस विभाग में अधोसंरचना विकसित करने करने की बड़ी गुंजाइश है। आप सभी खूब मेहनत करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन का यह प्रयास है कि विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर तेजी से भर्तियां हों। युवाओं को शासकीय सेवा में काम करने का अवसर मिले। इसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ में शासकीय नौकरियों में भर्ती का सिलसिला तेजी से शुरू हो गया है। विभिन्न विभागों द्वारा नई भर्ती के लिए लगातार विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं, इसी प्रकार जहां चयन प्रक्रिया पूरी हो गई, वहां नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं।

लंबे इंतजार के बाद मिले नियुक्ति आदेश से उत्साहित

लम्बे इंतजार के बाद नियुक्ति आदेश प्राप्त होने से उत्साहित जल संसाधन विभाग के चयनित उप अभियंताओं ने मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नये उप अभियंताओं की भर्ती करने से जहां एक ओर उनके करियर को स्थायित्व मिला है। वहीं परिवार वालों के सपने को पूरा करने

में मदद मिलेगी। वहीं साथ ही परिवार की आर्थिक जरूरतों भी पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में चयनित सभी इंजीनियरों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में आने का आपका और आपके परिवार का सपना पूरा हुआ है। अब हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ की जनता के सपनों को साकार करना है, आप पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग में भी काफी दिनों बाद इतनी बड़ी संख्या में इंजीनियरों की भर्ती की गई है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों को खेतों तक पानी पहुंचाने के साथ उद्योगों को पानी की आपूर्ति तथा पेयजल व्यवस्था का भी ध्यान रखना है, इसके लिए आप लोगों से जनता की बड़ी आशाएं हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर जल संसाधन विभाग में उप अभियंता के 400 पदों पर जल संसाधन विभाग द्वारा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, भर्ती प्रक्रिया पूर्ण के बाद चयनित 352 उप अभियंताओं के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। शेष 48 पदों पर जल्द आदेश जारी किए जाएंगे। वहीं जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत 23 उप अभियंताओं की पदस्थापना की गयी है।

मुख्यमंत्री की पहल पर युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने में मिल रही सफलता

जल संसाधन विभाग में नियुक्ति पाने से उत्साहित जूनियर इंजीनियरों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जल संसाधन विभाग के नव नियुक्त उप अभियंता विनीत सुनाकर ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर का निवासी होने के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में परेशानी होती थी, जिससे रोजगार के अवसर कम मिल पाते थे। लेकिन प्रदेश के मुखिया ने इतनी बड़ी संख्या में भर्ती निकाल कर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को साधुवाद देती हूं। वहीं जल संसाधन विभाग में नवनियुक्त उप अभियंता धमतरी जिले का मगरलोड निवासी कुमारी वर्षा साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी का प्रतिफल है कि हम जैसे युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है और सपनों को पूरा करने में सफलता मिल रही है। हम जैसे बेरोजगार युवा जिन्हें मुख्यमंत्री जी के विशेष पहल पर सफलता मिली है, हम मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

खनिज विभाग में नियुक्ति का रास्ता खुला

» चयन सूची जारी करने के आदेश पर लगी रोक हटाई हाईकोर्ट ने

बिलासपुर ,18 मई 2023(ए)। प्रदेश के खनिज विभाग में सालों से रिक्त पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व में जारी की गई चयन सूची के आधार पर नियुक्ति पत्र जारी करने पर लगाई गई रोक छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हटा ली है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने खनिज संसाधन विभाग के अंतर्गत खनिज अधिकारी के कुल 8 और सहायक भौमिकीविद के 11 पदों के लिए फरवरी 2022 में विज्ञापन निकाला था। इसमें कहा गया था कि उक्त चयन उच्च न्यायालय में आरक्षण को लेकर दायर याचिकाओं के संबंध में पारित अंतिम आदेश के अधीन रहेगा। लिखित एवं साक्षात्कार के बाद 24 अगस्त 2022 को पीएससी ने अंतिम परिणाम जारी किया। इसमें खनिज अधिकारी के आठ और सहायक भौमिकीविद के

10 पदों पर सूची तथा अनुपूरक सूची जारी की गई।

आरक्षण के चलते अटकी थी नियुक्ति

दूसरी ओर हाईकोर्ट ने आरक्षण पर लंबित याचिकाओं का निराकरण करते हुए 58त्न आरक्षण के राज्य सरकार के 2012 के आदेश को निरस्त कर दिया। इस आदेश को लेकर आवेदक मौफीद अली ने एक वाद दायर किया था। इस पर सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर 2022 को हाईकोर्ट ने चयन सूची के आधार पर नियुक्ति आदेश जारी करने पर रोक लगा दी। दूसरी तरफ 58त्न आरक्षण के संबंध में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने एक मई 2023 को स्थगित कर दिया था और रिक्त पदों पर भर्ती का आदेश दिया।

इसे देखते हुए राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता संदीप दुबे ने उच्च न्यायालय के समक्ष नियुक्ति आदेश पर लगाए गए स्थगन को हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिप्रेक्ष्य में हाईकोर्ट ने नियुक्ति आदेश जारी करने पर लगी रोक हटा ली है। अब इन पदों पर खनिज विभाग में भर्ती चयन सूची के आधार पर हो सकेगी।

सीएम बघेल ने सीओए के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा का इस्तीफा मंजूर किया

» अब एमएलए देवेन्द्र यादव सम्भालेंगे जिम्मेदारी

रायपुर, 18 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव रहे गुरुचरण सिंह होरा का इस्तीफा मंजूर हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष की हैसियत से ये इस्तीफा स्वीकृत किया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने मंत्रालय ने इसकी जानकारी भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को भी भेज दी है।इसके बाद होरा की जगह अब भिलाई नगर के एमएलए देवेन्द्र यादव छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव की जिम्मेदारी सम्भालेंगे। एक विवादित ऑडियो टेप आने के बाद 20 सितम्बर 2022 को गुरुचरण सिंह होरा ने अपना इस्तीफा दे दिया था हांलाकि इस्तीफे में किसी वायरल ऑडियो टेप की जगह स्वास्थगत कारणों का हवाला उन्होनें दिया गया था।

ओलम्पिक संघ के सदस्यों ने बनाया देवेन्द्र यादव को नया महासचिव

काफी दिनों तक जब होरा का इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ,तब ओलम्पिक संघ के सदस्यों ने बैठक बुलाकर अविश्वास प्रस्ताव लाया और होरा को पद से हटाकर देवेन्द्र यादव को नया महासचिव बनाया था। संघ से हटाने की भनक लगने पर होरा ने बैठक को असंवैधानिक करार देते हुए, ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास जाने की बात कही थी लेकिन अब सीएम ने ही होरा के इस्तीफे पर अपनी स्वीकृति दे दी है।

नहीं थम रहा सीजी पीएससी विवाद

» सीएम ने कहा-प्रमाण हैं तो दे जांच कराएंगे

रायपुर, 18 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मेरिट लिस्ट पर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रही है। अब इस मुद्दे पर प्रदेश के बड़े नेताओं ने एक-दूसरे को चुनौती दे दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा से कहा कि बयानबाजी न करें, प्रमाण हैं तो दे जांच कराएंगे।

वहीं इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, टॉप 20 में अधिकारी-नेता के बच्चे हैं। प्रमाण की जरूरत नहीं, उनकी सूची ही प्रमाण है। वहीं भाजपा नेता और पूर्व आईएएस ओपी चौधरी ने हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पीएससी विवाद राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह युवा भाई-बहनों का संदेह है। कांग्रेस की सरकार आने के बाद तरह-तरह के आरोप लगे हैं। युवाओं की मांग है कि कार्बन कॉपी हो, वीडियोग्राफी हो, मॉडल आंसर की ट्रांसपेरेंसी और पारदर्शिता के लिए युवा मांग करते रहे हैं। मगर इनकी मांगे पूरी नहीं हो रही हैं। ओपी चौधरी ने कहा कि अभी जो परिणाम आये है, उसमें पीएससी के अधिकारियों के रिश्तेदारों की नियुक्ति, कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं के परिवारों की नियुक्ति, भाई-बहन, पति-पत्नी की नियुक्ति, इन सबसे संदेह निर्मित हुआ है। ऐसी स्थिति में हाई कोर्ट के रिटायर्ड ऑफिसर से राज्य सरकार को जांच करवाना चाहिए, जिससे युवाओं में हताशा-निराशा का माहौल ना बने।

वहीं, पीएससी के विवाद पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि ये आरोप हम नहीं लगा बल्कि युवा लगा रहे हैं। प्रदेश के युवा रिजल्ट पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। युवाओं ने पीएससी की विश्वनीयता पर आशंका व्यक्त की है।

पीएससी के विवाद को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा गुरुवार को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के दफ्तर का घेराव करेगी। वहीं पीएससी परिणाम को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आज आंदोलन है। एबीवीपी के सदस्य धरना देंगे।

रिकार्डतोड़ गर्मी पड़ने से लोग हुए परेशान

» स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया दिशा-निर्देश

रायपुर, 18 मई 2023 (ए)। ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है। जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने आवश्यक सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

लू के लक्षण :-सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण शामिल है।

लू से बचाव के उपाय- इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले। पानी अधिक मात्रा में पिये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार :- बुखार से पीड़ित

व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट के लिए संपर्क करें।

क्या करें :- भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पीये भले ही प्यास न लगे, मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।

क्या न करें- धूप में बाहर जाने से बचे, नंगे पाँव बाहर न जाए, दोपहर के समय खाना पकाने से बचे, शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचे।

सावधानियां- जितना हो सके घर के अंदर रहे, नमक, जीरा, प्याज का सलाद और कच्चे आम जैसे पारंपरिक उपचार हीट स्ट्रोक को रोक सकते हैं। बंद वाहन में बच्चे और पालतू जानवरों को अकेला न छोडे, पंखे और नम कपड़े का प्रयोग करे। डंडे पानी में स्नान करे। अपने घर या कार्यालय में आने वाले विक्रेताओं तथा सामान पहुंचाने वाले लोगों को पानी पिलाये और पेड़ लगाये, सूखी पत्तियों, कृषि अवशेषों तथा कचरें को न जलायें।

छत्तीसगढ़ में 1000 परिवहन सुविधा केन्द्रों की होगी स्थापना

रायपुर, 18 मई 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में परिवहन संबंधी सेवाओं को आसान और घर के निकट उपलब्ध कराने के लिए तेजी से परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश में अब तक 451 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवहन संबंधी सेवाओं में विस्तार के लिए राज्यभर में 1000 परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की है। इन सुविधा के बाद परिवहन संबंधी सुविधाओं के लिए लोगों को अनाधिकृत एजेंटों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी, वहीं परिवहन संबंधी सुविधाएं घर के पास ही उपलब्ध हो जाएगी।

परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना से एक ओर जहां परिवहन सुविधाओं के लिए लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी, वहीं लोगों को इसके संचालन के जरिए रोजगार भी उपलब्ध होगा। राज्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना से करीब 5 हजार युवाओं के रोजगार सृजन की सम्भावना है।

इसके तहत परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन और सचिव परिवहन एस. प्रकाश के निर्देशन में राज्यभर में परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना तेजी से जारी है। इस संबंध में आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा ने बताया कि राज्यभर में अब तक 451

परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र को अधिकृत किया जा सकता है। मार्गदर्शिका में परिवहन सुविधा केन्द्रों में विभिन्न सेवाओं के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। मार्गदर्शिका के अनुसार ऑनलाइन आवेदन के लिए सेवा शुल्क के रूप में 100 रुपये, परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस/टैक्स भुगतान करने के लिए (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस के लिए शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज की स्कैनिंग, कम्प्रेसिंग व अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये तथा ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेजों का प्रिंटआउट शुल्क (प्रति पेज) 5 रुपये निर्धारित है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)